रोहतक

शनिवार, 12 अप्रैल 2025

चैत्र मास शुक्ल पक्ष,
पूर्णिमा वर्ष : 29, अंक : 71
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**

अधि. 34.1
न्यून. 19.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

हनुमान जन्मोत्सव की मंगलकामनाएं






**SHOWROOMS:** **HARYANA:** RENAULT **ROHTAK CITY** Ph: 9311700651. RENAULT **AMBALA** Ph: 8448890326. RENAULT **BHIWANI** Ph: 8588874682. RENAULT **FARIDABAD** Ph: 8860681876. RENAULT **HISAR** Ph: 7428190240. RENAULT **JHAJJAR** Ph: 8130501404. RENAULT **JIND** Ph: 9582547926. RENAULT **KAITHAL** Ph: 9582331769. RENAULT **KARNAL** Ph: 7428190245. RENAULT **KURUKSHETRA** Ph: 8588875152. RENAULT **PANIPAT** Ph: 8588891170. RENAULT **SONIPAT** Ph: 9289631444. RENAULT **REWARI** Ph: 9643335838. RENAULT **SIRSA** Ph: 9643357807.

रोहतक
शनिवार, 12 अप्रैल 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष,
पूर्णिमा वर्ष : 29, अंक : 71
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 34.1
न्यून. 19.2

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




गुरुग्राम में एक हजार एकड़ में विकसित की जा रही ग्लोबल सिटी विकास परियोजना

# हरियाणा के विकास में मील का पत्थर साबित होगी ग्लोबल सिटी : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सभी मानकों को ध्यान में रखते हुए गुरुग्राम में ग्लोबल सिटी विकसित की जाएगी। यह परियोजना हरियाणा के विकास में एक और मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री शुक्रवार को गुरुग्राम में ग्लोबल सिटी की साइट पर निवेशकों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, विधायक बिमला चौधरी, तेजपाल तंवर और मुकेश शर्मा भी मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ग्लोबल सिटी की साइट पर निवेशकों के साथ की बैठक

### रोजगार के पांच लाख से अधिक अवसर होंगे सृजित

नायब सिंह सैनी ने कहा कि एक लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश के साथ यह परियोजना लगभग 16 लाख लोगों के जीवन को प्रभावित करेगी। परियोजना के विकसित होने पर करीब पांच लाख रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा। एक हजार एकड़ पर विकसित की जा रही इस परियोजना में मिक्स यूज लैंड का प्रावधान किया गया है, जिसमें रिहायशी, व्यावसायिक, हॉस्पिटेलिटी व शैक्षणिक संस्थानों आदि के लिए भी विशेष स्थान रहेगा।

### आधुनिक शहरों की तर्ज पर मिलेंगी सुविधाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सिटी में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 18 एकड़ में 350 मिलियन लीटर क्षमता का मास बैलेसिंग रिजर्वायर बनाया जाएगा, जोकि जल भंडारण के रूप में कार्य करेगा और इस सिटी की सुंदरता बढ़ाने के साथ साथ ग्लोबल सिटी के लिए सात दिनों का जल बैकअप भी प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि ग्लोबल सिटी में 10.7 किमी यूटिलिटी टनल होगी, जिसमें वाटर पाइपलाइन, इलेक्ट्रिक केबल, अग्निशमन सेवाएं, लाइटिंग सिस्टम, वेंटिलेशन सिस्टम, फायर डिटैक्शन, अर्थिंग सिस्टम आदि का प्रावधान होगा।

परिवार-दोस्तों की जानकारी जुटा रहीं जांच एजेंसी, कड़ी सुरक्षा में हर रोज की जाएगी पूछताछ

# तहव्वुर राणा से 3 घंटे पूछताछ, एनआईए ने कहा-जांच में नहीं कर रहा सहयोग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

2008 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पहले दिन शुक्रवार को 3 घंटे पूछताछ की। एजेंसी ने बताया कि राणा जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। एनआईए की कोशिश है कि तहव्वुर के परिवार और दोस्तों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके। एनआईए की डीआईजी जया रॉय की अगुआई में जांच हो रही है। सूत्रों ने बताया कि तहव्वुर 24 घंटे सख्त पहरे में रहेगा। उसके खाने समेत हर चीज पर कड़ी नजर रखी जा रही है। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने राणा को 18 दिन की एनआईए कस्टडी में भेजा है। कस्टडी के दौरान एनआईए रोजाना राणा से पूछताछ की एक डायरी तैयार करेगी। आखिरी दौर की पूछताछ के बाद डिस्कलोजर स्टेटमेंट में उसे रिकॉर्ड पर लिया जाएगा। यह केस डायरी का हिस्सा होता है।



एनआईए को मिली है 18 दिन की कस्टडी, पूछताछ के बाद डिस्क्लोजर स्टेटमेंट रिकॉर्ड किया

### राणा ने कहा था 'भारतीयों का यही हश्र होना चाहिए'

**वाशिंगटन/न्यूयॉर्क।** मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा ने कथित तौर पर कहा था कि भारतीयों का "यही हश्र होना चाहिए'। उसने हमले के दौरान मारे गए लश्कर-ए- तैयबा के नौ आतंकवादियों की सराहना करते हुए उन्हें पाकिस्तान का सर्वोच्च वीरता पुरस्कार "निशान-ए-हैदर" दिये जाने की हिमायत की थी। अमेरिकी न्याय विभाग ने यह जानकारी दी। अमेरिका ने बुधवार को पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर हुसैन राणा को भारत में मुकदमे का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित कर दिया। उस पर, 2008 के मुंबई आतंकी हमले में कथित भूमिका से जुड़े 10 आपराधिक आरोप हैं। इस हमले में छह अमेरिकी सहित 166 लोग मारे गए थे। न्याय विभाग ने एक बयान में कहा, "राणा का प्रत्यर्पण उन छह अमेरिकियों और अन्य पीड़ितों के लिए न्याय पाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## बाजार का हाल

| मार्केट | बंद | तेजी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75,157.26 | 1310.11 ▲ |
| निफ्टी | 22,828.55 | 429.40 ▲ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 96,450 /- | 6250/- ▲ |
| चांदी | 95,500/- | 2300/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | उछाल |
|---|---|---|
| रुपया | 86.07 | 61 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल 63.38/ बैरल | | 0.08% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## खबर संक्षेप

### जेएनयू छात्र संघ चुनाव 25 को होगा, 28 अप्रैल को नतीजे

**नई दिल्ली।** शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) के चुनाव 25 अप्रैल को कराए जाएंगे और 28 अप्रैल को नतीजों की घोषणा की जाएगी। संबंधित चुनाव समिति द्वारा शुक्रवार को जारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, 13 अप्रैल को संभावित मतदाता सूची के प्रदर्शन के साथ चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत होगी, जिसके बाद सूची में सुधार किया जाएगा और 14 अप्रैल को नामांकन पत्र जारी किए जाएंगे। अधिसूचना के अनुसार, छात्र संघ चुनाव के लिए 15 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे।

### पद्म पुरस्कार-2026 के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने अगले साल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2026 के लिए नामांकन और अनुशंसाओं की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें देने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2025 है और इन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त किया जाएगा। पद्म पुरस्कार - पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री - देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। 1954 में स्थापित, इन पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है।

### मेलबर्न में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर फिर हमला

**मेलबर्न।** मेलबर्न में भारत के महावाणिज्य दूतावास पर एक बार फिर हमला हुआ है। यह 344 सेंट किल्डा रोड पर स्थित है। यहां भारतीय राजनयिक परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार पर हमलावरों ने रंग पोत दिए हैं। हमले की यह घटना 10 अप्रैल की रात लगभग 1:00 बजे हुई। विक्टोरिया पुलिस ने बताया कि हमले की रिपोर्ट के बाद 10 अप्रैल की सुबह अधिकारी मौके पर पहुंचे। विक्टोरिया पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि अधिकारियों का मानना है कि इमारत के मुख्य प्रवेश द्वार पर बुधवार 9 और गुरुवार 10 अप्रैल के बीच रात को रंग पोते गए थे। नुकसान की जांच अभी भी जारी है।

### ईवीएम को हैक नहीं कर सकते : निर्वाचन आयोग

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने इन शंकाओं को खारिज किया कि देश में इस्तेमाल की जाने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को हैक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ये मशीन साधारण कैलकुलेटर की तरह काम करती हैं, जो इंटरनेट या 'इन्फ्रारेड' से नहीं जुड़ी होतीं। अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड की कथित टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा कि उनके कार्यालय ने मतों में हेराफेरी करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली की हैकिंग के सबूत प्राप्त किए हैं, कुछ देश "इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम" का उपयोग करते हैं।

# कई जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश सिरसा, भिवानी व रेवाड़ी में गिरे ओले

## मौसम ने बदली करवट, दोपहर बाद छाए घने काले बादल, हुई तेज बारिश

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश में शुक्रवार दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट बदली। पहले काली घटा छा गई। इसके बाद तेज आंधी शुरू हो गई। सोनीपत, पानीपत, जींद, कैथल, भिवानी, झज्जर, रोहतक, हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, नारनौल और नूंह में तेज आंधी आई और बाद में बारिश शुरू हो गई। सिरसा, भिवानी और रेवाड़ी में हल्के ओले भी गिरे। सिरसा के रानियां के वार्ड नंबर 10 में पार्षद के मकान की टंकी पर आसमानी बिजली गिर गई। चरखी दादरी के जनता कॉलेज में 18वीं नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन के लिए लगाया गया टेंट तूफान में उड़ गया। कार्यक्रम में मंत्री कृष्णलाल पंवार मुख्य अतिथि पहुंचे थे। जैसे ही वह मंच पर बैठे आंधी शुरू हो गई। वहीं, हिसार जिले में बारिश से सड़कों पर पेड़ गिर गए और बत्ती गुल हो गई। रेवाड़ी में भी तेज आंधी के बाद हाईवे पर पेड़ टूटकर गिर गए। प्रदेश के 12 जिलों में दोपहर बाद अचानक बादल छा गए और बारिश शुरू हो गई। सिरसा के नाथूसरी चौपटा अनाज मंडी में खुले में रखा हजारों क्विंटल सरसों भीग गई।



रोहतक। अनाजमंडी में खुले आसमान के नीचे भीगता गेहूं।

**पश्चिमी विक्षोभ के कारण बदला मौसम :** मौसम में यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण हुआ। मौसम बदलने से गर्मी के प्रकोप से राहत तो मिली, लेकिन तेज आंधी के साथ आई बारिश ने किसानों की टेंशन बढ़ा दी है। फसल काटने और निकालने का कार्य बाधित हुआ है। पछेती गेहूं की फसल की कटाई करना शेष बचा हुआ है, जबकि अगेती फसल निकालने का कार्य चल रहा है।

**तापमान में गिरावट का सिलसिला जारी :** इस सप्ताह के शुरू में ही भारी गर्मी के कारण हीटवेव का प्रकोप तीन दिन तक बना रहा था। तापमान 42 डिग्री पर पहुंच गया था। मौसम विभाग की ओर से हीटवेव का येलो अलर्ट जारी किया गया था। विक्षोभ की सक्रियता से तापमान में गिरावट आ गई है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस गिरकर 37.0 डिग्री पर आ गया।

### आगे ऐसा रहेगा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को भी मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। तेज हवाओं या आंधी के साथ कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी या हल्की बरसात हो सकती है। इस दौरान कुछ इलाकों में ओलावृष्टि भी हो सकती है। रविवार से अगले चार दिनों तक मौसम साफ रह सकता है, परंतु इसके बाद एक बार फिर विक्षोभ की सक्रियता मौसम में बदलाव ला सकती है। अगले सप्ताह के मध्य से तापमान एक बार फिर बढ़ना शुरू हो जाएगा, जिससे लोगों को भारी गर्मी का सामना करना पड़ेगा।

### आंधी तूफान से 83 मौतें

देश में मौसम की दोहरी मार जारी है। एक तरफ तेज गर्मी और दूसरी तरफ आंधी-तूफान और बारिश का कहर है। यूपी-बिहार में 10 अप्रैल को आंधी-तूफान के कारण 83 लोगों की मौत हो गई। इसमें 61 मौतें बिहार में और 22 मौतें उत्तरप्रदेश में हुईं। शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, केरल, तमिलनाडु, असम, मेघालय में 40-50 किमी की रफ्तार से तूफानी हवाएं चलीं। बिजली गिरने का भी अलर्ट जारी किया गया है। वहीं दूसरी ओर कुछ राज्यों में भीषण गर्मी भी दौर जारी है। ज्यादातर राज्यों में 35 डिग्री सेल्सियस के पार चल रहा है। राजस्थान के बाड़मेर में सबसे ज्यादा 44.3 सेल्सियस रहा।

# चीन का अमेरिका को करारा जवाब, आयात पर शुल्क बढ़ाकर 125 प्रतिशत किया

### हम दबाव के आगे नहीं झुकेंगे : चिनफिंग

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन ने ट्रंप प्रशासन की तरफ से सीमा शुल्क में लगातार की जा रही बढ़ोतरी के बीच शुक्रवार को अपना पलटवार जारी रखते हुए अमेरिकी उत्पादों के आयात पर अतिरिक्त शुल्क को बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया। इसके पहले अमेरिका ने चीन से आयात होने वाले उत्पादों पर शुल्क को बढ़ाकर 145 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। हालांकि चीन ने सीमा शुल्क को लेकर छिड़े व्यापार गतिरोध को दूर करने के लिए अमेरिकी प्रशासन के साथ बातचीत करने में भी दिलचस्पी दिखाई। चीन के सीमा शुल्क आयोग ने अमेरिकी आयात पर अतिरिक्त 125 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा करते हुए कहा, अगर अमेरिका इससे भी अधिक शुल्क लगाता है तो उसका आर्थिक रूप से कोई मतलब नहीं होगा और आखिरकार वह विश्व आर्थिक इतिहास में एक मजाक के रूप में दर्ज होगा।

### अमेरिका ने 145% टैरिफ लगाया था

**शी चिनफिंग बोले- चीन किसी से नहीं डरता**

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने अमेरिका से बढ़ते टैरिफ विवाद के बीच पहली बार बयान दिया है। उन्होंने कहा कि चीन किसी से डरता नहीं है। पिछले 70 साल में हुआ चीन का विकास कड़ी मेहनत और खुद पर निर्भर रहने का नतीजा है।

**अमेरिका बोला-145% टैरिफ लगाया**

अमेरिका ने कहा कि चीनी उत्पादों पर कुल शुल्क 145 प्रतिशत हो गया है जिसमें इस साल जनवरी में ट्रंप सरकार आने के बाद घोषित 20 प्रतिशत शुल्क भी शामिल है। ट्रंप सरकार की तरफ से चीन पर भारी-भरकम शुल्क लगाए जाने और अन्य देशों पर लगाए शुल्क को 90 दिनों के लिए टाल दिए जाने के बाद चीन इस व्यापार युद्ध में अलग-थलग पड़ता हुआ नजर आ रहा है। इसके अलावा चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के विवाद निपटान तंत्र के तहत अमेरिका के खिलाफ मुकदमा भी दायर किया है। इसके साथ ही चीन ने इस मुद्दे को हल करने के लिए बातचीत का दरवाजा खुला रखा है।

# जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में मुठभेड़, 3 आतंकी ढेर

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के घने जंगलों में चल रहे एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को तीन आतंकियों को मार गिराया। इनमें एक जैश का कमांडर भी शामिल है। 2-3 आतंकियों को अभी सुरक्षाबलों ने घेर रखा है। एनकाउंटर अभी जारी है। सुरक्षा बलों ने 9 अप्रैल को चत्रू जंगल के इलाके में संदिग्ध गतिविधि देखी थी, जिसके बाद आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच फायरिंग शुरू हुई थी। यहां बड़ी तादाद में सुरक्षा बल तैनात हैं। आसपास के गांवों में भी अलर्ट है। स्थानीय लोगों से भी सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने की अपील की गई है। इससे पहले 4 और 5 अप्रैल की दरमियानी रात जम्मू में एलओसी पर आरएस पुरा सेक्टर पर बीएसएफ के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया था। वहीं, एक अप्रैल को एलओसी पर सेना के एनकाउंटर में 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मारा गया था।

जम्मू के अखनूर और किश्तवाड़ में ऑपरेशन जारी, सेना ने घेरा

अमेरिका में हेलीकॉप्टर क्रैश

# सीमेंस कंपनी के सीईओ सहित 6 लोगों की मौत

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक हेलीकॉप्टर हडसन नदी में क्रैश हो गया। हादसे में हेलीकॉप्टर में बैठे सभी 6 लोगों की मौत हो गई। इनमें इंजीनियरिंग कंपनी सीमेंस के सीईओ ऑगस्टिन एस्कोबार, उनकी पत्नी मर्स कैंपरुबी और उनके तीन बच्चे शामिल हैं। बच्चों की उम्र 4, 5 और 11 साल थी। ये परिवार स्पेन का रहने वाला था। उनके साथ हेलिकॉप्टर का 36 साल का पायलट भी मारा गया। न्यूयॉर्क सिटी के फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, हादसे से ठीक पहले बेल 206 एयरक्राफ्ट दो टुकड़ों में टूट गया था। उसकी टेल और रोटर ब्लेड बॉडी से अलग हो गए थे। इमरजेंसी क्रू ने नदी से सभी विक्टिम्स को बाहर निकाला। उनमें से चार को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया, जबकि दो ने अस्पताल पहुंचने के बाद दम तोड़ा।

हवा में दो टुकड़ों में बंटा हेलीकॉप्टर हडसन में नदी में हुआ क्रैश, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

# तमिलनाडु में भाजपा का एआईएडीएमके के साथ गठबंधन, मिलकर लड़ेंगे चुनाव

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को चेन्नई में भाजपा और एआईएडीएमके के गठबंधन का ऐलान किया। उन्होंने कहा 2026 में तमिलनाडु विधानसभा चुनाव एआईएडीएमके प्रमुख ई पलानीस्वामी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। सीटों का बंटवारा बाद में चर्चा के बाद तय किया जाएगा। शाह ने कहा कि गठबंधन को लेकर एआईएडीएमके की कोई डिमांड नहीं है, न ही भाजपा उनके अंदरूनी मामलों में कोई हस्तक्षेप करेगी। पार्टी का एनडीए में शामिल होना दोनों के लिए ही बहुत फायदेमंद है। शाह बोले कि अगला चुनाव डीएमके सरकार के भ्रष्टाचार, दलितों पर, महिलाओं पर अत्याचार के आधार लड़ा जाएगा। लोग डीएमके से घोटालों पर जवाब मांग रहे हैं, चुनाव में इन्हीं मुद्दों पर जनता वोट देगी।

अमित शाह ने किया ऐलान, सीट बंटवारे पर फैसला बाद में



### पिछले चुनाव में एनडीए को 75 सीटें ही मिली

एआईएडीएमके ने लगातार दो कार्यकाल (2011-2021) तक तमिलनाडु में शासन किया। लेकिन 2021 में हुए पिछले विधानसभा चुनावों में डीएमके ने राज्य की कुल 234 सीटों में से 133 पर जीत हासिल की। डीएमके गठबंधन ने कुल 159 सीटों पर जीत दर्ज की। एनडीए गठबंधन केवल 75 सीटें ही जीत सका। एआईएडीएमके को 66 सीटें मिली थीं। भाजपा 4 सीटों पर जीती थी। गठबंधन के अन्य दलों को 5 सीटें मिली थीं।

वक्फ कानून का विरोध

# मुसलमानों का प्रदर्शन हिंसक हुआ, प. बंगाल में 3 की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नए वक्फ कानून के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने शुक्रवार से देशभर में 'वक्फ बचाव अभियान' शुरू किया। जिसके चलते देशभर में मुसलमान सड़कों पर उतर आए। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में प्रदर्शन हिंसक हो गया। प्रदर्शनकारियों ने बसें जलाईं। पथराव किया। हालात बेकाबू हो गए। 3 लोगों की गोली लगने से मौत भी हुई है। हालात काबू में करने के लिए बीएसएफ तैनात की गई है। सड़क और रेल यातायात, इंटरनेट बंद कर दिया गया है। शमसेरगंज के सुतिर साजुर मोड़ पर एनएच-12 जाम किया गया। पुलिस ने भीड़ को हटाने कई राउंड आंसू गैस के गोले दागे। डायमंड हार्बर के अमतला चौरास्ता में भी प्रदर्शन कर रही मुस्लिम भीड़ ने दिनदहाड़े एक पुलिस वाहन में तोड़फोड़ की। जिसमें 10 पुलिसकर्मी घायल हुए। वेस्टर्न रेलवे ने भी बयान जारी किया है, कि अजीमगंज-न्यू फरक्का सेक्शन में दोपहर 2.46 बजे लगभग 5000 लोगों की भीड़ ने धुलियान गंगा स्टेशन के पास ट्रैक जाम कर दिया।

पथराव, बसें जलाईं, रेलवे ट्रैक जाम, हालात बेकाबू हुए तो पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

**हमला** प्रधानमंत्री ने वाराणसी में विपक्षी दलों पर किया कटाक्ष

3880 करोड़ की परियोजनाओं की रखी आधारशिला

# सत्ता के भूखे लोगों का सिद्धांत 'परिवार का साथ, परिवार का विकास' : मोदी

**वाराणसी (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता के लिए लालायित लोग केवल अपने परिवार को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जबकि उनकी सरकार समावेशी विकास के विषय पर काम करती है। अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 3,880 करोड़ रुपये की लागत की 44 परियोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, "राष्ट्र की सेवा में हमारा मार्गदर्शक मंत्र हमेशा 'सबका साथ, सबका विकास' रहा है। इसी भावना के साथ हम हर नागरिक के कल्याण के लिए आगे बढ़ते रहेंगे। इसके विपरीत, जो लोग सत्ता के भूखे हैं, वे दिन-रात राजनीतिक खेल खेलते हैं और वे लोग परिवार-केंद्रित विकास पर ही ध्यान केंद्रित करते हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संसदीय क्षेत्र में कहा, "सत्ता पाने के लिए खेल खेलने वाले लोग केवल अपने परिवार की उन्नति में रुचि रखते हैं। उनका सिद्धांत 'परिवार का साथ, परिवार का विकास' है।"



### महापुरुषों के विचारों को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ा रहे

मोदी ने कहा कि आज हम महापुरुषों के विचारों को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि उनकी सरकार सर्वांगीण विकास पर ध्यान केन्द्रित करती है। उन्होंने कहा, "महात्मा ज्योतिबा फुले जी जैसे त्यागी, तपस्वी, महापुरुषों की प्रेरणा से ही देशसेवा का हमारा मंत्र 'सबका साथ-सबका विकास' है। हम देश के लिए उस विचार को लेकर चलते हैं, जिसका समर्पित भाव है, सबका साथ-सबका विकास।" अपने निर्वाचन क्षेत्र में हुए विकास के बारे विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि पहले पूर्वांचल में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव था, लेकिन आज काशी स्वास्थ्य की राजधानी बन रही है।

### आयुष्मान वय वंदना योजना शुरू की

उन्होंने कहा कि बीते दस वर्षों में हमने सिर्फ अस्पतालों की गिनती नहीं बढ़ाई बल्कि हमने मरीज की गरिमा भी सुनिश्चित की है। उन्होंने सभा में मौजूद जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, "जब आपने हमें तीसरी बार आशीर्वाद दिया, तब हमने भी सेवक के रूप में स्नेह स्वरूप अपने कर्तव्य को निभाया है। मेरी गारंटी थी कि बुजुर्गों का इलाज मुफ्त होगा। इसी का परिणाम है आयुष्मान वय वंदना योजना। यह योजना बुजुर्गों के इलाज और उनके सम्मान के लिए है।" मोदी ने कहा कि वाराणसी में करीब पचास हजार वय वंदना कार्ड यहां के बुजुर्गों तक पहुंच गये हैं। उन्होंने कहा कि यह कोई आंकड़ा नहीं है, यह तो एक सेवक का नम्र प्रयास है।

# भिवानी में युवकों को घेरकर छह बदमाशों ने बरसाईं गोलियां

## पुलिस अधिकारी बोले-प्रथम दृष्टया जांच में मामला गैंगवार का लग रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

शुक्रवार दोपहर अचानक शहर के बाहरी इलाके में पुरानी रंजिश के चलते बाइक पर जा रहे दो युवकों पर आधा दर्जन युवकों ने गोलियां चला दी। जिससे दोनों युवक घायल हो गए। गोली की वारदात से पहले आरोपियों ने दोनों युवकों पर पत्थरों से हमला भी किया। बाद में दोनों घायल अवस्था में सामान्य अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। दूसरी तरफ मामले की सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस के अलाव डीएसपी आर्यन चौधरी मौके पर पहुंचे और मामले की तहकीकात में जुट गए। डीएसपी ने बताया कि जिन दो युवकों को गोली लगी है। उनमें से एक के खिलाफ मामले दर्ज है। प्रथम दृश्तयता में मामला गैंगवार का लग रहा है,लेकिन पूरे मामले की जांच पड़ताल होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि गैंगवार है या अन्य कोई कारण रहा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

■ बाइक पर जा रहे थे दोनों, रास्ते पर फायरिंग

### घात लगाकर हमला

जानकारी के अनुसार दोपहर विनोद व प्रशांत बाइक पर सवार होकर रूद्रा कॉलोनी स्थित अपने कार्यालय में जा रहे थे। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे आधा दर्जन युवकों ने उनकी बाइक रूकवा ली और उन पर पत्थर व डंडों से हमला कर दिया। घायल के भाई ने बताया कि इस दौरान उनमें से एक आरोपी ने उसके भाई विनोद व प्रशांत पर गोली चला दी। जिससे दोनों गोली लगने से घायल हो गए। उनको उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। दूसरी तरफ घटना की जानकारी मिलते ही थाना शहर प्रभारी, डीएसपी आर्यन चौधरी भी पहुंच गए और मामले की जानकारी ली।इस दौरान मौके पर अनेक लोग एकत्रित हो गए।



भिवानी। अस्पताल में जांच करने पहुंची पुलिस की टीम।

### पीड़ितों की शिकायत पर केस दर्ज

मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने पीड़ितों के बयान दर्ज किए है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। साथ ही पीड़ितों द्वारा बताए गए नामों के आधार पर गोली चलाने वालों की धरपकड़ के लिए पांच टीमों का गठन किया गया है। डीएसपी आर्यन चौधरी ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला पुरानी रंजिशन लग रहा है। जिस युवक को गोली लगी है। उस पर भी कई मामले दर्ज है। साथ ही पीड़ितों ने जिस युवक पर आरोप लगाया है। उस युवक पर भी केस दर्ज है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पुलिस के साथ मुठभेड़, दो बदमाशों को गोली लगी

**कुरुक्षेत्र**। कुरुक्षेत्र के शाहबाद में रात 2 बजे सीआईए 1 और 2 बदमाशों के बीच लिंक रोड पर मुठभेड़ हो गई। क्रॉस फायरिंग में दोनों बदमाशों की टांगों में गोलियां लगीं हैं। घायल अवस्था में दोनों को पहले सीएचसी शाहाबाद और फिर एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों की पहचान पटियाला के सोनू और कुरुक्षेत्र के अभिजीत के रूप में हुई है। सूत्रों के मुताबिक फिरौती के इरादे से दोनों बदमाश शहर में दाखिल हुए थे। दोनों को काका राणा गैंग के शूटर हैं। उनको शहर में किसी व्यापारी के घर फायरिंग करने का टास्क मिला था। पुलिस को मुखबर खास ने सूचना दी कि दो लड़के जिनके पास काफी मात्रा में असला है और मोटर साईकिल पर शाहबाद के एरिया में वारदात के लिए सलाह बना रहे है। दोनो लड़के नीलकंठ होटल और गांव शरीफगढ के बीच मे सर्विस रोड़ पर खडे हुए है। सूचना पाकर सीआईए पुलिस ने नाकाबंदी कर दी। टीम ने रैडिंग पार्टी तैयार करके नीलकंठ होटल से करीब 500 मीटर गांव शरीफगढ की तरफ सर्विस रोड पर देखा कि दो नौजवान लड़के मोटर साईकिल के पास खडे होकर आपस मे बाते कर रहे थे। पुलिस को देख दोनों लड़कों ने अपने अपने हथियार निकाल लिए और एक नौजवान लड़के ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से सीधे फायर किया।

■ रंगदारी मांगने के इरादे से आए थे दोनों बदमाश

■ काका राणा गैंग के शूटर



### बदमाशों को पैर में लगी गोली

इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायर किया। उसके बाद दूसरे लड़के ने भी अपने हथियार से पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से सीधा फायर किया। पुलिस द्वारा की गई आत्मरक्षा की फायरिंग मे एक नौजवान लड़के को गोली लगने से नौजवान लड़का घायल होकर नीचे गिर गया और दूसरा लड़का भागने लगा तो उसको रोकने के लिए चेतावनी दी लेकिन चेतावनी देने के बाद भी उस नौजवान लड़के ने अपने असला से पुलिस पार्टी की तरफ जाने से मारने की नीयत से दोबारा सीधा फायर किया। पुलिस द्वारा की गई आत्मरक्षा की फायरिंग मे उस नौजवान लड़के को गोली लगने से नौजवान लड़का घायल होकर नीचे गिर गया। टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम सोनू पुत्र शिव दयाल निवासी गांव घनौरी खेडा थाना घनौर जिला पटियाला पंजाब बताया।

## प्रेम प्रसंग में युवक ने की फायरिंग, केस

गुरुग्राम। सदर थाना एरिया में प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक ने युवती के नए दोस्त पर गोली चला दी। हमले में युवक बाल-बाल बच गया और वह अपनी कंपनी की ओर भागा। वहीं आरोपी ने उसका पीछा कर दूसरा फायर भी किया। लेकिन इस बार भी युवक बचकर कंपनी की बिल्डिंग में छुप गया। वहीं पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस की सीन-ऑफ-क्राईम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया। पुलिस ने घटनास्थल /बिल्डिंग के एग्जिट गेट के बाहर से व बिल्डिंग के अंदर एसबीआई के सामने खाली जगह से दो खाली खोल बरामद किए हैं। पुलिस ने फरार हुए युवक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Sonia Sheokand**
City Civil Court, Bahadurgarh
**PRIYA AGGARWAL**
**Vs.**
**General Public**
CNR No. HRJRA0-000638-2024
Next Date : 16.04.2025
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public**
:-
**General Public**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **16.04.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- City Civil Court, Bahadurgarh
Dated, this day of 11.04.2025

## हाईकोर्ट के आदेश पर मंदिर पर चला पीला पंजा, लोगों ने पुलिस के साथ की धक्का-मुक्की

**सिरसा**। रानियां चुंगी पर स्थित श्री वानेश्वर बालाजी इच्छापूर्ण मंदिर पर कोर्ट के आदेश के बाद शुक्रवार को प्रशासन ने पीला पंजा चला दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में भारी रोष है। लोगों ने इस कार्रवाई को रोकना चाहा, लेकिन भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी के कारण वे कुछ नहीं कर सके। गुस्साए लोगों के साथ पुलिस की नोकझोंक भी हुई। इसके बाद पुलिस ने विरोध जता रहे लोगों हिरासत में लेते हुए गाड़ी में बैठाकर घटनास्थल से ले गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर प्रशासनिक अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ रानियां चुंगी पर पहुंचे। इसके बाद अधिकारियों के निर्देश पर श्री वानेश्वर बालाजी इच्छापूर्ण मंदिर पर पीला पंजा चलना शुरू हो गया। लोगों को जब इसका पता चला तो काफी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंच गए। इनमें महिलाएं भी शामिल थी। लोगों ने मंदिर पर पीला पंजा चालने की कार्रवाई का विरोध किया। मंदिर का संचालन करने वालों का कहना है कि उन्हें नोटिस मिला था, उन्होंने इसका जवाब भी दे दिया था। ये मंदिर करीब 30 साल पहले बना था। यहां पर एक बंदर मर गया था, जिसकी स्माधी किसी ने बना दी थी। इसके बाद यहां पर बाला जी का मंदिर बना दिया गया। लोगों का कहना है कि जिस व्यक्ति ने शिकायत की थी उसने भी गैर कानून ढंग से इमारत बनाई हुई है।

■ विरोध कर रहे लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया



नगर परिषद के एसडीओ अनिल का कहना है कि उक्त कार्रवाई पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश पर की गई है। पुलिस का सहयोग लेकर अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटा दिया गया है। प्रशासन की ओर से दो बार नोटिस जारी किया गया था।

## भूमि के लालच में बड़े भाई ने की छोटे की निर्मम हत्या, डंडों से पीटकर नहर में फेंका

**फतेहाबाद**। फतेहाबाद के गांव फुलां में जमीन के लालच में बड़े भाई ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर छोटे भाई की पीट-पीटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को नहर में फैंक दिया। इस मामले में परिजनों की शिकायत पर सदर फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। शुक्रवार को मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में लाया गया है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव फुलां निवासी देवेन्द्र कुमार पुत्र महीपत ने कहा है कि उसके चाचा देवीलाल के दो लडक़े राजेश उर्फ घोना व अशबीर थे।

■ पुलिस ने दंपति पर केस दर्ज किया

**शराब पीने के आदी** : दोनों भाई शराब पीने के आदी है और दोनों में अक्सर झगड़ा होता रहता है। उसके चाचा देवीलाल व चाची की मृत्यु हो चुकी है। उसके चाचा का मकान गांव के नजदीक ही खेत में हैं, जिसमें अब दोनों भाई रहते थे। देवेंद्र ने बताया कि हमारा खेत भी चाचा के मकान के साथ ही लगता है, इसलिए जब भी खेत में जाता था तो चचेरे भाई अशबीर से मिलने उनके मकान पर चला जाता था। देवेंद्र कुमार ने बताया कि 9 अप्रैल को अपने खेत में गया तो अशबीर से मिलने उसके घर पर गया। वहां राजेश मिला, जिसने बताया कि अशबीर कल रात से घर पर नहीं आया है और न उसे पता है कि वह कहां पर है। देवेंद्र ने बताया कि राजेश के बात करने के तरीके पर उसे शक हुआ। उसने अशबीर के बारे में आसपड़ोस में पता किया तो जानकारी मिली कि रात को अशबीर का अपने भाई राजेश व भाभी लक्ष्मीना के साथ झगड़ा हुआ था। इसके बाद वह अपने तौर पर भाई अशबीर की तलाश करने लगा। देवेंद्र ने कहा कि बाद में उसे सूचना मिली कि फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में कोई शव रखा हुआ है। जिस पर वह परिवार से विजय कुमार व सुरेश को साथ लेकर पहले पुलिस के पास पहुंचा और फिर सिविल अस्पताल जाकर शव की शिनाख्त की। यह शव उसके चचेरे भाई अशबीर का ही था। उसने देखा कि अशबीर के दाहिने पैर व हाथों की अंगुलियों पर चोट व रगड़ के निशान हैं। बाएं पैर का पंजा जला हुआ सा लग रहा था। उसे शक है कि राजेश ने ही अशबीर की हत्या की है। इसमें उसकी पत्नी लक्ष्मीना ने उसकी मदद की है।

**बोली सूचना**
**कार्यालय खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, बेरी।**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खंड बेरी की ग्राम पंचायत जहाजगढ़ के कंडम भवनों की खुली बोली दिनांक 22.04.2025 को प्रातः 11:00 ग्राम सचिवालय में करवाई जानी है। बोली की शर्तें मौके पर बताई जाएगी।
**सरपंच,** **हस्ता/-खण्ड विकास एवं पंचायत**
**ग्राम पंचायत जहाजगढ़।** **अधिकारी, बेरी।**
पीआरडीएच 1028/11/111/2026/33803/88/6 दि. 11.04.2025

**बोली सूचना**
**कार्यालय खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, बेरी।**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड बेरी की ग्राम पंचायत जहाजगढ़ की पशु मेला ग्राउंड व पंचायती जमीन में खड़े पेडों की खुली बोली दिनांक 22/04/2025 को प्रातः 11:00 ग्राम सचिवालय करवाई जानी है। बोली की शर्तें मौके पर बताई जाएगी।
**सरपंच,** **हस्ता/-खण्ड विकास एवं पंचायत**
**ग्राम पंचायत जहाजगढ़।** **अधिकारी, बेरी।**
पीआरडीएच 1028/11/112/2026/33804/88/6 दि. 11.04.2025

**जिला रैडक्रास समिति, रोहतक**
**सार्वजनिक सूचना**
जिला रैडक्रास समिति, रोहतक के द्वारा RTA (क्षेत्रिय परिवहन प्राधिकरण), रोहतक के सहयोग से ओवर लोडिड वाहनों को पार्किंग स्थल में खड़ा करने के लिए केवल रोहतक के लिए, नगराधीश, रोहतक की उपस्थिति में नगराधीश कार्यालय में लघु सचिवालय रोहतक, में दिनांक 16.04.2025 समय दोपहर 03:00 बजे खुली बोली उपरोक्त स्थल पर पार्किंग का ठेका देने हेतु लगाई जाएगी। इच्छुक बोली दाता दिनांक 15.04.2025 तक साय 04:00 बजे तक एक लाख रूपये का डिमांड ड्राफ्ट जिला रैडक्रास सोसाईटी, रोहतक के पक्ष में अथवा नकद राशि कार्यालय मे लेखाकार के पास जमा करा कर रसीद प्राप्त करें। इस विषय में सभी नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी अथवा उपरोक्त राशि जमा करवा कर नियम एवं शर्तों की प्रति रैडक्रास कार्यालय से ले सकते है।
**संपर्क सूत्र:** **उपायुक्त एवं प्रधान,**
**मो. नं. 8571856900, 7404172954** **जिला रैडक्रास समिति, रोहतक**

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## चावल की खरीद फरोख्त में 50 लाख की ठगी

**कैथल**। चीका पुलिस ने चावल की खरीद फरोख्त में 50 लाख 279 रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चीका के दीपक कुमार ने चीका पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह चीका में शिखा ओवरसीज के नाम से फार्म चलाता है जिसकी प्रोपराइटर उसकी पत्नी है तथा सारा लेनदेन का कार्य वह खुद कर रहा है। उसने बताया कि उसमें मिल के मालिकों के साथ चावल की खरीद फरोख्त और दलाली का काम करते हैं। उसने बताया कि उसके द्वारा गौतम फूड मालिक मोहित गोयल, प्रवीन जिंदल तथा रोहित गोयल द्वारा जुलाई अगस्त 2024 में 86 लाख 17396 के चावल खरीदे थे। इनमें से आरोपियों द्वारा उसे 364617 रुपए अदा कर दिए थे तथा बाकी की 5000279 रुपए की राशि बकाया थी। जब उसे द्वारा 14 सितंबर 2024 को बकाया राशि बारे प्रवीण से संपर्क किया गया तो आरोपी ने राशि देने से इंकार कर दिया। उसने बताया कि इसे लेकर पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें आरोपियों द्वारा स्वीकारा गया कि उनके द्वारा चावल खरीदे गए थे। उस समय आरोपियों ने राशि देने के लिए हामी भर दी लेकिन बाद में देने से मना कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रिश्वत लेने के आरोप में चार पुलिस कर्मचारी गिरफ्तार

**गुरुग्राम**। सेक्टर-17-18 थाना के चार पुलिस कर्मियों द्वारा एक पराठा की रेहड़ी लगाने वाले व्यक्ति से रिश्वत लेने का मामला उजागर हुआ है। इस मामले में चारों पुलिस कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया गया। चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया तो कोर्ट ने चारों आरोपी पुलिस कर्मियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। वहीं मामले में पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा ने पुलिस कर्मचारियों पर पर्यवेक्षण के अभाव पर सेक्टर-17-18 थाना के एसएचओ को भी निलंबित कर दिया है। शिकायतकर्ता गुलाब सिंह साहू ने बताया कि उसने सेक्टर-17-18 वन क्यू बिल्डिंग के गेट के सामने झोपड़ी बनाकर रहता है और वहीं पर पराठा व बीड़ी व सिगरेट की वस्तुओं की रेहड़ी लगाता है। शिकायत के अनुसार फरवरी 2025 में हवलदार राजबीर उसकी दुकान पर आया और उसे दुकान बंद कराने की धमकी देने लगा। दुकान चलाने के लिए पांच हजार रुपए हर सप्ताह लेने की बात की। इस पर वह उसे पांच हजार रुपए हर सप्ताह देने लगा। इसके बाद ईआरवी स्टाफ में शामिल सिपाही अजय व एसपीओ अनिल भी उसकी दुकान पर आकर उसे धमकाने लगे और रिश्वत की मांग की। जिस पर मजबूरन उन्हें भी वह एक हजार व पांच सौ रुपए देने लगा।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

## बीसीसीआई ट्रायल के नाम पर खाते से एक लाख रुपये साफ

**बराड़ा**। गांव तंदवाल के एक युवा को शातिर ठगों ने बीसीसीआई में ट्रॉयल के नाम पर ठग लिया। इस बात का खुलासा दो महीने बाद तब हुआ जब बैंक में पासबुक की एंट्री करवाई गई। पीड़ित लडक़े के पिता ने पुलिस को शिकायत देकर मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग की है। शिकायतकर्ता प्रवीन कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका छोटा लडक़ा यश (14) दसवीं में पढ़ता है। 7 फरवरी 2025 को जब वह अपने बेटे के साथ घर पर था तो उसके मोबाईल नंबर पर किसी नंबर से फोन आया, जिसे बेटे यश ने उठाया। फोन करने वाले व्यक्ति ने बताया कि वह बीसीसीआई (बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया) की तरफ से बोल रहा है। ताउ देवी लाल स्टेडियम पंचकूला में अंडर 14 आयु वर्ग के क्रिकेटरों का का ट्रॉयल होना है। इसके लिए 1500/- रुपये गूगल पे से भेज दो। यश शातिर ठग की बातों में आ गया। ठग के कहने पर 1500 रूपये गूगल पे कर दिए। उसके बाद उस व्यक्ति ने यश से वर्दी का साइज पूछने के बहाने ओटीपी मांग लिया। यश ने उस व्यक्ति को ओटीपी बता दिया। पीड़ित पिता जब 8 अप्रैल 2025 को अपनी पासबुक की एंट्री करवाने बैंक में गया तो वहां उसे पता चला कि खाते से 7 फरवरी 2025 से 8 मार्च 2025 के बीच एक लाख रुपये की राशि निकाली गई है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका गन्नौर | एम.सी. गन्नौर ग्रेन मार्केट कॉलोनी के पीछे विभिन्न गलियों का निर्माण। | 03.04.2025 14.04.2025 | 116.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015945880 Secy-ganaur@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/33822/I/88/6 दि. 11.04.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि रोहतक कोऑपरेटिव दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड | दुग्ध संयंत्र, रोहतक में पाउच में स्वीटेंट फ्लेवर स्कीम्ड मिल्क पाउडर की पैंकिंग हेतु पैकिंग मशीन और जॉब वर्क का प्रचालन और रखरखाव (स्कूलों और आंगनवाड़ी में आपूर्ति हेतु)। | 15.04.2025 23.04.2025 | डीएनआईटी के अनुरूप | www.vitaindia.org.in | 7496967414 vitarohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/33842/I/88/6 दि. 11.04.25

**राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला**
भारत सरकार
जेएलएन स्टेडियम परिसर, पूर्वी गेट नं. 10, नई दिल्ली-110003
**विज्ञापन सं. 01/2025**
दिनांक 12.04.2025
**विषय : राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला नई दिल्ली में टेक्नीकल असिस्टेंट के पदों को सीधी भर्ती द्वारा भरने के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।**
राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल), भारत सरकार, नई दिल्ली भारतीय नागरिकों से जो आवश्यक योग्यताएं और सम्बन्धित कार्य का अनुभव रखते हों, से टेक्नीकल असिस्टेंट के पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करते हैं।

| पद का नाम | पदों की सं. | स्पष्टीकरण | पे मैट्रिक्स लेवल (7वें वेतन आयोग के अनुसार) | भर्ती का तरीका |
|---|---|---|---|---|
| टेक्नीकल असिस्टेंट | 09 (9) एससी-01 ओबीसी (एनसी)-02 ईडब्ल्यूएस-01 यूआर-05 | ग्रुप-बी | पीएमएल-6 (रु. 35400-112400/-) | सीधी भर्ती द्वारा |

2. पदों के आरक्षण, आवेदन को भरने के मोड, फीस और अन्य मापदंड तथा विस्तृत विज्ञापन हेतु आप एनडीटीएल की वेबसाइट www.ndtlindia.com के साथ-साथ नेशनल कैरियर सर्विस (एनसीएस) पोर्टल पर पधारें।
3. ऑनलाइन आवेदन पत्र की अंतिम / बंद होने की तिथि समाचार-पत्रों में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 दिन होगी।
सीबीसी-47113/12/0001/2526 हस्ता/- एनडीटीएल

## शब्द पहेली - 5834




**बाएँ से दाए**
1. पावर हाऊस -5
4. दिमागी, कल्पित-4
7. हृदय-2
8. खोदना-3
9. प्रचार वाक्य, स्लोगन-2
10. नुकीला-4
11. कलिका-2
13. प्यारा, लाडला-3
14. विशिष्ट, विशेष-2
15. खर्च, उपभोग-3
17. नौका-2
19. नाम करण-2,3
22. चमकीला-5
25. महोदय (अंग्रेजी-2)
26. रनिवास, जनवासा-3
28. संध्या, सांझ-2
29. दलना, महीन करना-3
30. जस, सम्मान -2
32. कारागृह-4
34. आलाप, लय, सुर-2
36. पागल स्त्री-3
37. इंकार, मना-2
38. सराबोर, सना हुआ -4
39. वेश्या, तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**
1. चूहे का घर-2
2. नेता-3
3. सार-संभार-2,3
4. आदर्श, कसौटी-3
5. छाती-2
6. अचरज भरा कार्य-4
7. हृदय को ठेस लगना-5
10. अनवरत वर्षा-4
12. जूं का अंडा-2
16. ओट, घूंघट-3
17. मां के पिता-2
18. दुख, कष्ट-2
20. राष्ट्रीय पक्षी-3
21. पत्र, लैटर-2
22. गुप्तचर, दूत-2
23. कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24. रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25. समयुगीन, समवर्ती-5
26. बंद, स्ट्राइक-4
27. सुरा, शराब-2
31. वचन, प्रतिज्ञा-3
33. बंदर-3
35. नथनी, नथिया-2
37. शहद-2

### शब्द पहेली- 5833 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | र | म | म | सा | ला | ■ | क | दा | चा | र |
| ती | खा | ■ | हा | ■ | चा | क | र | ■ | र | वा |
| वि | ■ | अ | ज | ग | र | ■ | म | ल | ■ | य |
| धी | मा | प | न | ■ | ■ | म | ■ | की | म | त |
| ही | ■ | ल | ■ | श | ता | न | न | ■ | जा | ■ |
| न | म | क | दा | नी | ■ | मा | न | सि | क | ता |
| ■ | क | ■ | म | च | ल | ना | ■ | या | ■ | र |
| अ | र | ज | ■ | र | ■ | ■ | ऐ | श | व | त |
| ह | ■ | स | द | ■ | न | रो | त | म | ■ | म्य |
| म | न | ■ | ख्र | स | म | ■ | बा | ■ | टा | पू |
| क | र | त | ल | ■ | श | श | र | त | पू | र्ण |






## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 5 | 4 | 1 | 8 |
| दिल्ली | 4 | 4 | 0 | 8 |
| बेंगलुरु | 5 | 3 | 2 | 6 |
| पंजाब | 4 | 3 | 1 | 6 |
| लखनऊ | 5 | 3 | 2 | 6 |
| कोलकाता | 6 | 3 | 3 | 6 |
| राजस्थान | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| चेन्नई | 6 | 1 | 5 | 2 |
| हैदराबाद | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
288 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
11 विकेट
चेन्नई

### कपिला-क्रास्टो की जोड़ी एशियन टूर्नामेंट में हारी

**निंगबो।** भारत के ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में हांगकांग की पांचवीं वरीयता प्राप्त तांग चुन मान और सी यिंग सुएत की जोड़ी से हार गई।

## आईपीएल : चेन्नई सुपर किंग्स को आठ विकेट से रौंदा

# केकेआर आठ विकेट से जीता सीएसके की लगातार पांचवीं हार

भाषा ▶▶| चेन्नई

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने हरफनमौला सुनील नारायण (13 रन देकर तीन विकेट और 44 रन) और अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एकतरफा मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 59 गेंद रहते आठ विकेट से रौंद दिया। सीएसके की यह लगातार पांचवीं हार है। चेपॉक में अब तक के अपने न्यूनतम स्कोर पर सिमटने के बाद पहली बार उसे अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीसरी हार मिली। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सीएसके के लिए कुछ भी सही नहीं रहा और केकेआर की शानदार गेंदबाजी के सामने टीम नौ विकेट पर 103 रन ही बना सकी। आईपीएल में यह सीएसके का तीसरा सबसे कम स्कोर रहा जो इस चरण में अब तक किसी भी टीम का सबसे कम स्कोर भी है। केकेआर ने नारायण की 18 गेंद में दो चौके और पांच छक्के जड़ित 44 रन की पारी से यह लक्ष्य 10.1 ओवर में दो विकेट पर 107 रन बनाकर हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने तीन छक्के लगाकर 16 गेंद में 23 रन बनाये। कप्तान अजिंक्य रहाणे 17 गेंद में 20



और रिंकू सिंह 12 गेंद में 15 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने एक एक चौका और एक एक छक्का लगाया। आईपीएल के इतिहास में पहली बार सीएसके ने लगातार पांचवीं हार का सामना किया। पहले मैच में जीत के बाद टीम छह मैच में दो अंक लेकर नौवें स्थान पर है। केकेआर ने पावरप्ले में एक विकेट पर 71 रन बनाए जबकि सीएसके का पावरप्ले स्कोर दो विकेट पर 31 रन था। इससे पहल केकेआर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद उसके अनुभवी स्पिनर सुनील नारायण ने 13 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती को दो-दो विकेट मिले। सीएसके के लिए शुरू से ही कुछ भी सही नहीं रहा। पूरी पारी में सिर्फ आठ चौके और एक छक्का ही लग सका। शिवम दुबे ने 29 गेंद में नाबाद 31 रन बनकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि विजय शंकर ने 29 रन बनाए। इनके अलावा सीएसके के केवल दो अन्य बल्लेबाजों ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। नियमित कप्तान रुतुराज गायकवाड़ चोट के कारण आईपीएल के बचे हुए मैचों से बाहर होने के बाद एमएस धोनी टीम की कमान संभाल रहे हैं।

### पूरन और सिराज में दिखेगा दिलचस्प मुकाबला, लखनऊ-गुजरात मैच आज

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जॉइंट्स और गुजरात टाइटंस के बीच शनिवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे विस्फोटक बल्लेबाज निकोलस पूरन और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। लखनऊ की भीषण गर्मी में इन दोनों टीम के बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। गुजरात टाइटंस ने लगातार चार मैच जीते हैं और वह नेट रन रेट बेहतर होने के कारण दिल्ली कैपिटल्स से ऊपर पहले स्थान पर है। इन दोनों टीम के समान आठ अंक हैं। लखनऊ ने अभी तक तीन मैच में जीत हासिल की है और वह अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। इस मैच में आक्रामक बल्लेबाजों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। लखनऊ की टीम में पूरन ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभी तक 288 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 225 है। वेस्टइंडीज के इस बल्लेबाज ने अभी तक 25 चौके और 24 छक्के लगाए हैं।

महिला टीम ने रचा इतिहास

## ईस्ट बंगाल बना आईडब्लूएल चैंपियन, ओडिशा 0-1 से हारा



एजेंसी ▶▶| कल्याणी

ईस्ट बंगाल की टीम ने भारतीय फुटबॉल में 21 साल बाद शुक्रवार को यहां लीग खिताब अपने नाम किया जब क्लब की महिला टीम ने गत चैंपियन ओडिशा एफसी पर 1-0 की जीत के साथ इंडियन वुमैन्स लीग ट्रॉफी पर कब्जा किया।

ईस्ट बंगाल के लिए सौम्या गुगुलोथ ने 67वें मिनट में विजयी गोल किया। इस हार के साथ ओडिशा एफसी रेलीगेशन की कगार पर खड़ा है और अब केवल एक मैच बचा है इसलिए उनका भाग्य उनके हाथ में नहीं है। ईस्ट बंगाल ने आखिरी बार 'नेशनल फुटबॉल लीग' जीती थी जो आई लीग से पहले खेली जाती थी। ईस्ट बंगाल की पुरुष टीम ने 2003-04 सत्र में ट्रॉफी उठाई थी। महिलाओं की शीर्ष डिवीजन के तीसरे सत्र में ईस्ट बंगाल ने सभी चुनौतियों को आसानी से पार कर लिया।

टीम ने इस सत्र में गोकुलम केरला को छोड़कर सभी टीमों को हराया है। ईस्ट बंगाल की महिला टीम ने एक गेम रहते हुए खिताब जीता और उसका आखिरी मैच 18 अप्रैल को गोकुलम केरला के खिलाफ होगा, इसके बाद ही उन्हें आधिकारिक तौर पर ट्रॉफी सौंपी जाएगी।

### फाइनल में मोहन बागान का सामना बेंगलुरु से आज

**कोलकाता।** लीग विजेता मोहन बागान का सामना आईएसएल कप फुटबॉल के फाइनल में शनिवार को जब बेंगलुरु एफसी से होगा तो उसकी नजरें दोहरा खिताब जीतने पर लगी होंगी। यह मैच मोहन बागान सुपर जाइंट्स के गढ़ विवेकानंद युवा भारी क्रीडांगन में खेला जाएगा जिसमें भारी तादाद में मेजबान टीम के समर्थक मौजूद होंगे। मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में मोहन बागान के कोच जोस मोलिना ने कहा, 'मैं इसकी चिंता नहीं करता कि अतीत में क्या हुआ था। मैं मोहन बागान सुपर जाइंट के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कोशिश करूंगा। हमने लीग शील्ड में अच्छा खेला और आईएसएल कप भी जीतेंगे।'

खास खबर

## सफेद गेंद के बादशाह साबित हो रहे राहुल



**बेंगलुरु।** एक समय टीम के लिए अपनी उपयोगिता साबित करने के लिए जूझ रहे केएल राहुल ने चैंपियंस ट्रॉफी से लेकर आईपीएल तक जिस तरह अपनी तकदीर का पासा पलटा है, वह उनके जैसा तकनीकी कौशल का धनी बल्लेबाज ही कर सकता है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आईपीएल मैच में चिन्नास्वामी की पेचीदा पिच पर 175 की स्ट्राइक रेट से 53 गेंद में नाबाद 93 रन बनाकर उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से जीत दिलाई। उनका अर्धशतक जोखिमरहित था जिसमें 29 गेंद में 29 रन बनाने के बाद बाकी 64 रन सिर्फ 24 गेंद में बनाए गए।

### हमें हमारी मांग के अनुकूल पिच नहीं मिली

बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मेंटरदिनेश कार्तिक ने स्वीकार किया कि बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच की मांग करने के बावजूद इस सत्र में उनकी टीम को चिन्नास्वामी स्टेडियम में चुनौतीपूर्ण पिच मिली हैं। उन्होंने कहा कि टीम प्रबंधन इस संदर्भ में जल्द ही क्यूरेटर के साथ बात करेगा। आरसीबी के बल्लेबाज आईपीएल के वर्तमान सत्र में घरेलू मैदान पर खेले दो मैच में पिच धीमी होने के कारण अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए। गुजरात टाइटंस के खिलाफ उसकी टीम ने आठ विकेट पर 169 रन और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सात विकेट पर 163 रन बनाए।



चिंतन

# औद्योगिक क्षेत्र पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता

आज विश्व में अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ वार छिड़ा हुआ है। इस स्थिति को भारत के उद्योग क्षेत्र के लिए अवसर के रूप में देखा जा रहा है, लेकिन क्या भारत का उद्योग क्षेत्र इसका लाभ लेने के लिए तैयार है? यह सवाल इसलिए उठ रहा है कि भारत का औद्योगिक उत्पादन फरवरी में सुस्त पड़कर छह महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर आ गया है। ब्लूमबर्ग ने फरवरी के लिए 3.6% की आईआईपी ग्रोथ का अनुमान लगाया था, लेकिन असल आंकड़े इससे काफी कम रहे। आधिकारिक आंकड़े के मुताबिक, औद्योगिक उत्पादन में सुस्ती विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन के कारण आई है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापे जाने वाले औद्योगिक उत्पादन में फरवरी 2024 में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। सरकार ने जनवरी, 2025 के लिए औद्योगिक वृद्धि के आंकड़े को संशोधित कर 5.2 प्रतिशत कर दिया है। मार्च में जारी आंकड़ों में इसके पांच प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था। विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि फरवरी, में सुस्त पड़कर 2.9 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 4.9 प्रतिशत थी। फरवरी 2025 में बिजली उत्पादन की वृद्धि भी धीमी होकर 3.6 प्रतिशत पर रही जो एक साल पहले इसी महीने में 7.6 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल-फरवरी के दौरान आईआईपी में 4.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो एक साल पहले इसी अवधि में छह प्रतिशत थी। टिकाऊ उपभोक्ता सामान (इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं) की वृद्धि फरवरी में सिर्फ 3.8 प्रतिशत रही, जो फरवरी, 2024 में 12.6 प्रतिशत थी। बुनियादी ढांचे/निर्माण के सामानों की वृद्धि फरवरी 2025 में 6.6 प्रतिशत रही, जो पिछले साल इसी अवधि में 8.3 प्रतिशत थी। प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में फरवरी में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले फरवरी में इसमें 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। मध्यवर्ती वस्तुओं के क्षेत्र में वृद्धि आलोच्य महीने में 1.5 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले फरवरी में 8.6 प्रतिशत थी। ये आंकड़े दिखा रहे हैं कि देश के औद्योगिक क्षेत्र के हालात किस तरह सुस्त हो रहे हैं। जबकि अभी देश के सामने अनेक आर्थिक चुनौतियां हैं। अमेरिका के रेसिप्रोकल टैक्स और आयात पर नए टैरिफ के ऐलान और चीन के साथ टैरिफ वार से ग्लोबल स्तर पर आर्थिक अनिश्चतता और आपूर्ति तंत्र के प्रभावित होने का खतरा है, इसका असर भारतीय उद्योग क्षेत्र पर भी पड़ना तय है। ऐसे में उद्योग क्षेत्र की गति में नरमी सुखद संकेत नहीं हैं। भारतीय उद्योग के अधिकांश क्षेत्र खराब परफॉर्म कर रहे हैं। रियायत व समर्थन की कई घोषणाओं के बावजूद भारतीय उद्योग क्षेत्र रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है, तो इसके पीछे अनेक कारण हैं। वैश्विक आर्थिक मंदी की स्थिति है, जिसमें यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं में सुस्ती और चीन के विनिर्माण क्षेत्र में मांग में कमी से भारत के निर्यात में भी गिरावट आई है। विमुद्रीकरण और जीएसटी जैसे आर्थिक सुधारों से औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र उबर नहीं पाया है। विनिर्माण क्षेत्र की चीनी आयात पर निर्भरता भी घरेलू उत्पादन में कमी की वजह है। अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) में काफी कम निवेश, उद्योगों के बीच सहयोग की कमी और प्रौद्योगिकी के सीमित उपयोग से प्रतिस्पर्धात्मकता और नवाचार प्रभावित हुए हैं। अगर हमें वैश्विक अवसर का लाभ लेना है तो नीतिगत, पूंजीगत व माहौलगत बाधाओं को दूर करते हुए उदार औद्योगिक नीति के लिए आर्थिक सुधार के अगले चरण की आवश्यकता है।

# तमिलनाडु में मजबूत होती भाजपा की पिच



हिंदी विरोध

उमेश चतुर्वेदी

तमिल का प्रश्न उठाकर एक तरह से प्रधानमंत्री ने तमिल राजनीति को स्थानीयता के ही मुद्दे पर कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की है। दक्षिण में तमिलनाडु इकलौता राज्य है, जिसकी राजनीति तकरीबन सभी ज्वलंत मुद्दों पर बनी राष्ट्रीय सहमति से अलहदा कदम उठाती रही है। श्रीलंका के लिट्टे विद्रोहियों का मसला, हिंदी विरोध और लोकसभा सीटों के परिसीमन के मुद्दे, तमिल राजनीति राष्ट्रीय सहमति से अलग सोचती रही है। इस तरह उसने अपना एक अलग तमिल नैरेटिव रचा। रुपये के प्रतीक का तमिलकरण और हिंदी विरोध की ताजा सोच, अतीत के तमिल नैरेटिव का ही विस्तार है। सबसे पहले आज के दौर की राजनीतिक मंशा को समझना जरूरी है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन की ओर से उठाए गए भाषा विवाद की गेंद प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीतिक समझदारी के साथ उनके ही पाले में डाल दी है। तमिलनाडु की हालिया यात्रा में उन्होंने कह दिया कि तमिल राजनेता अपना हस्ताक्षर अंग्रेजी की बजाय तमिल में क्यों नहीं करते। लगे हाथों उन्होंने यहां तक कह दिया कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन को मेडिकल की पढ़ाई तमिल में करानी चाहिए। तमिलनाडु में हिंदी को लेकर विवाद शुरू से ही रहा है, हाल ही में स्टालिन सरकार ने अपना बजट पेश करते वक्त बजट से रुपये के आधिकारिक हिंदी प्रतीक की विदाई और तमिल भाषा वाले प्रतीक का इस्तेमाल किया था, जिस पर हंगामा होना स्वाभाविक है।

अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु में भाषा को लेकर नया बयान दे दिया है। तमिल का प्रश्न उठाकर एक तरह से प्रधानमंत्री ने तमिल राजनीति को स्थानीयता के ही मुद्दे पर कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की है। दक्षिण में तमिलनाडु इकलौता राज्य है, जिसकी राजनीति तकरीबन सभी ज्वलंत मुद्दों पर बनी राष्ट्रीय सहमति से अलहदा कदम उठाती रही है। श्रीलंका के लिट्टे विद्रोहियों का मसला, हिंदी विरोध और लोकसभा सीटों के परिसीमन के मुद्दे, तमिल राजनीति राष्ट्रीय सहमति से अलग सोचती रही है। इस तरह उसने अपना एक अलग तमिल नैरेटिव रचा। रुपये के प्रतीक का तमिलकरण और हिंदी विरोध की ताजा सोच, अतीत के तमिल नैरेटिव का ही विस्तार है। सबसे पहले आज के दौर की राजनीतिक मंशा को समझना जरूरी है। मौजूदा राजनीति का हर नया कदम और नई राजनीतिक नैरेटिव बनाने की कोशिश के परोक्ष और प्रत्यक्ष, दो उद्देश्य हैं। पहला मकसद जहां तुरंत जनभावनाओं को अपने पक्ष में मोड़कर सियासी फायदा उठाना होता है, वहीं इनके सहारे भविष्य के लिए अपनी मजबूत सियासी इमारत खड़ा करना भी रहता है। तमिलनाडु सरकार के हालिया कदमों का तात्कालिक कारण है अगले साल होने वाला विधानसभा चुनाव। इन मुद्दों के जरिए डीएमके अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश कर रही है। चूंकि ये मुद्दे तकरीबन आठ दशकों से डीएमके की राजनीतिक फसल के लिए खाद का काम करते रहे हैं, इसलिए स्टालिन को एक बार फिर इसी पर भरोसा है। संविधान के मुताबिक, भारत भले ही राज्यों का संघ हो, लेकिन राज्यों को राष्ट्रीय मुद्दों से अलग राह, जिनमें अलगाववाद के खतरे हों, किसी भी कीमत पर आगे बढ़ने की छूट नहीं है। संविधान सभा की बहस के दौरान राज्यों के ऐसे कदमों की आशंका को देखते हुए ही मजबूत केंद्र की अवधारणा को स्वीकार किया गया। इसके बावजूद यदा-कदा कई राज्य राष्ट्रीय सोच से अलग रुख अख्तियार करते रहते हैं। हाल के दिनों में इस कोशिश में पश्चिम बंगाल भी जुड़ा, जहां से राष्ट्रवादी विचारधारा को बल मिला। अरसे से कई मुद्दों पर अलग रुख अख्तियार करते वक्त तमिल राजनीति भारतीयता के अभिन्न अंग तमिल की अवधारणा और संविधान की सोच को दरकिनार करती रही है। तमिलनाडु में हिंदी विरोध 1935 में डीएमके के वैचारिक उभार के साथ ही शुरू हुआ। तब भी यह सोच राष्ट्रीय युगबोध से अलग थी। तमिलनाडु में पहले क्रांतिकारी सोच के नाम पर ब्राह्मण विरोध की शुरुआत हुई, जिसका अगला कदम हिंदी विरोध रहा।



अब यह सोच एक तरह से उत्तर भारत विरोध तक पहुंच चुकी है। दिलचस्प यह है कि इसमें कई बार कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी भी मददगार होती रही है। 2023 के विधानसभा चुनावों में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में बीजेपी और तेलंगाना में कांग्रेस को मिली जीत के बाद नया नैरेटिव गढ़ा गया था। इसके मुताबिक, गोबर पट्टी के राज्यों को पिछड़ा और दक्षिणी राज्यों को समझदार बताया गया। यानी जो बीजेपी को चुने, वह पिछड़ा और जो कांग्रेस को चुने, वह प्रगतिशील। इस नैरेटिव के जरिए उत्तर और दक्षिण के बीच गहरी विभाजन रेखा खींचने की कोशिश हुई। लोकसभा सीटों के परिसीमन को लेकर द्रविड़ राजनीति की ओर से उठाए जा रहे सवालों में इसके विस्तार को देखा जा सकता है। अपनी अलहदा सोच के लिए अतीत में डीएमके को कीमत भी चुकानी पड़ी है। 1991 में तत्कालीन चंद्रशेखर सरकार ने करूणानिधि सरकार को कुछ ऐसी ही वजहों से बर्खास्त किया था। डीएमके करीब दो दशक से कांग्रेस की सहयोगी है, लेकिन अतीत में एक बार वह भी डीएमके की ऐसी सोच के चलते केंद्र की गुजराल सरकार को गिरा चुकी है। अभी चाहे हिंदी का सवाल हो या फिर रुपये के प्रतीक को बदलने की बात, डीएमके के रुख पर कांग्रेस ने फिलहाल चुप्पी साध रखी है। लेकिन बीजेपी ने आक्रामक रुख अपना रखा है। रुपये का हिंदी प्रतीक बदलने का सबसे तेज विरोध तमिल मूल की निर्मला सीतारमण और राज्य बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष अन्नामलाई कर रहे हैं। उनका साथ उनकी पूर्ववर्ती तमिलिसाई सौंदरराजन दे रही हैं। बीजेपी की कोशिश स्टालिन के हिंदी विरोध की हवा तमिल सोच के जरिए निकालने की है। अगले साल अप्रैल-मई में तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव होने हैं। 2021 के चुनाव में दशकभर बाद डीएमके को सत्ता मिली थी। स्टालिन इसे ही बचाए रखने की जुगत में हैं। उत्तर और हिंदी विरोधी माहौल जिंदा रखकर स्थानीय भावनाओं को उभारना तमिलनाडु का आसान राजनीतिक फार्मूला रहा है।

त्रिभाषा फॉर्मूले में हिंदी विरोध स्टालिन को सबसे आसान लगा और वे मैदान में कूद पड़े। जनसंख्या के लिहाज से लोकसभा सीटों का परिसीमन में कम होना और रुपये का प्रतीक बदलना इसी का विस्तार है। 1937 में पेरियार के हिंदी विरोधी आंदोलन को तकरीबन समूचे तमिल समुदाय का समर्थन मिला। 1965 में जब संवैधानिक प्रावधानों के चलते हिंदी राजभाषा बन रही थी, तब सीए अन्नादुरै की अगुआई वाले हिंदी विरोधी तीखे आंदोलन को समूचे तमिलनाडु का साथ मिला। इसके दो साल बाद हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को सत्ता गंवानी पड़ी, तब से कांग्रेस राज्य में हाशिए पर है। इस बार हिंदी विरोध या रुपये के प्रतीक बदलने की तरकीब को तकरीबन समूचे तमिल समुदाय का साथ मिलता नहीं दिख रहा। इसकी बड़ी वजह यह है कि तमिल समुदाय भी अब भाषा की राजनीति और उसके दायरे को समझने लगा है। संचार क्रांति के जरिए उसे भी पता है कि स्टालिन द्वारा उठाए जा रहे मुद्दों की खामी-खासियत क्या है? तमिल समुदाय के एक हिस्से की समझ बनी है कि उनकी सरकार का विरोध एक बिंदु पर राष्ट्रीय धारा के विपरीत हो सकता है। अतीत में हिंदी और उत्तर भारत विरोध स्थानीय लोगों को गोलबंद करने का आसान जरिया रहे। इन मुद्दों पर सियासी बैटिंग डीएमके के लिए परिचित पिच रही है। इस पिच पर एक बार फिर सियासी बैटिंग करना उसे आसान लग रहा है। बीजेपी ने भी पिच तो वही अपनाई है, लेकिन उसके मुद्दे अलहदा हैं। राष्ट्रीय मुद्दे बनाम स्थानीय सोच की इस जंग में फिलहाल देश का दक्षिण कोना घायल होता नजर आ रहा है। इस पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सोच बननी जरूरी है। अन्यथा ऐसी राजनीति के दंश का दर्द अरसे तक झेलना पड़ सकता है। अन्नाद्रमुक से गठबंधन के बाद भाजपा वहां और मजबूत हो गई है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

स्वास्थ्य

डॉ. मोनिका राज



# देश में कुपोषण की समस्या व चुनौतियों का समाधान जरूरी

भारत में कुपोषण एक गंभीर समस्या बनी हुई है, जो केवल भोजन की कमी से नहीं, बल्कि कई सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक कारकों से जुड़ी हुई है। यह समस्या बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को तो प्रभावित करती ही है, साथ ही पूरे समाज की उत्पादकता और स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है। हाल के वर्षों में, सरकार ने सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 जैसी योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया है, लेकिन यह प्रश्न बना हुआ है कि क्या ये योजनाएं वास्तव में भारत के कुपोषण संकट को हल कर पाएंगी? कुपोषण को केवल खाद्य असुरक्षा से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि यह एक व्यापक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, जिसे संतुलित आहार, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और सही पोषण शिक्षा के माध्यम से हल किया जा सकता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में 36 फीसदी बच्चे अविकसित हैं, 19 फीसदी बच्चे अत्यधिक कमजोर हैं और 57 फीसदी महिलाएँ एनीमिया से पीड़ित हैं। इसके अलावा, 24 फीसदी महिलाएं और 23 फीसदी पुरुष अधिक वजन या मोटापे से ग्रसित हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि भारत में कुपोषण केवल कुपोषित बच्चों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक समस्या है, जिसमें कुपोषण और अधिक पोषण दोनों शामिल हैं। शहरी क्षेत्रों में अस्वास्थ्यकर जीवनशैली और जंक फूड की बढ़ती खपत से मोटापा, मधुमेह और हृदय रोग बढ़ रहे हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण असंतुलन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी देखी जाती है। सरकार ने कुपोषण से निपटने के लिए कई योजनाएँ चलाई हैं। इनमें मिड-डे मील योजना, आंगनबाड़ी सेवाएं, सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और अन्नपूर्णा योजना प्रमुख हैं। सरकारी वितरण प्रणाली में खामियां हैं, जिससे कई बार लाभार्थियों तक राशन और पोषण पूरक सही समय पर नहीं पहुंच पाते। महिलाओं और किशोरियों में कुपोषण की स्थिति अधिक चिंताजनक है। भारत में 57 फीसदी महिलाएं एनीमिया से ग्रसित हैं, जिसका कारण आयरन और फोलिक एसिड की कमी, अपर्याप्त आहार और बार-बार गर्भधारण है। किशोरियों में भी पोषण की कमी उनके भविष्य के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालती है। महिलाओं का कुपोषण न केवल उन्हें बल्कि उनके होने वाले बच्चों को भी प्रभावित करता है, जिससे यह समस्या पीढ़ी दर पीढ़ी बनी रहती है। इसी प्रकार, बुजुर्गों में पोषण की समस्या को भी नजरअंदाज किया जाता है। भारत में बुजुर्गों की आबादी तेजी से बढ़ रही है, लेकिन उनके पोषण की समस्याओं पर कम ध्यान दिया जाता है। कई वृद्ध व्यक्ति अकेले रहते हैं और उन्हें पोषक आहार नहीं मिल पाता, जिससे उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होती है। मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, जिनका मुख्य कारण अस्वास्थ्यकर आहार, शारीरिक गतिविधि की कमी और अत्यधिक प्रोसेस्ड फूड का सेवन है। भारत में पोषण सुधार केवल कुपोषण दूर करने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम का भी हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए कई सुधारात्मक उपाय अपनाए जा सकते हैं। सबसे पहले, पोषण शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। लोगों को सही पोषण के बारे में शिक्षित करने के लिए स्कूलों, आंगनबाड़ियों और सामुदायिक केंद्रों में पोषण जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। दूसरा, स्थानीय खाद्य संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जाना चाहिए। तीसरा, सरकारी खाद्य वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जाना चाहिए, ताकि गरीबों को सही समय पर पौष्टिक भोजन मिल सके। आज के समय में, जब भारत तेजी से आर्थिक और सामाजिक विकास कर रहा है, यह जरूरी है कि पोषण को केवल भोजन प्राप्त करने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि इसे समग्र स्वास्थ्य और कल्याण का हिस्सा बनाया जाए। एक कुशल और संतुलित पोषण नीति से न केवल वर्तमान बल्कि आने वाली पीढ़ियों का स्वास्थ्य सुधारा जा सकता है। यह समय की माँग है कि हम कुपोषण को एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के रूप में पहचानें और इसे दूर करने के लिए समर्पित प्रयास करें। केवल योजनाएँ बनाना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि उनके प्रभावी कार्यान्वयन पर ध्यान देना भी जरूरी है। यदि हम सही दिशा में ठोस कदम उठाएं, तो भारत न केवल कुपोषण को समाप्त करने में सफल होगा, बल्कि एक स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरकर दुनिया के सामने उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## योग-ध्यान भावनाओं को रोकें नहीं, साधें



संकलित

दर्शन

जब भी आप क्रोध जैसी किसी भी नकारात्मक भावना को रोकने का प्रयास करते हैं, तो वह और भी ज्यादा तेज हो जाती है। आप जो चीज नहीं चाहते हैं, उसे यदि आप रोकने की कोशिश करते हैं, तो ऐसा ही होता है। वस्तुतः मानव मन की यही प्रकृति है। मन को अपने अनुरूप साधने की प्रणाली योग है। योग की प्रणाली अनुभव के स्तर पर अपने शरीर और मन की प्रकृति का अनुसंधान करती है। जब आप सुबह उठकर आसन करते हैं, तो आप उसे मात्र व्यायाम न समझें। वास्तव में योग यह सुनिश्चित करता है कि आप जीवन से कितनी सहजता से गुजरते हैं, आप अपने शरीर और अपने मन को कितनी गहराई से समझते हैं। यदि आप गाड़ी चलाकर कहीं जा रहे हैं तो यात्रा मंगलमय होने के लिए, दो बातें जरूरी हैं। एक तो गाड़ी का अच्छा होनी चाहिए और दूसरी आपको गाड़ी की समझ हो। आपके शरीर और मन के बारे में योग यही तो सुनिश्चित करता है। यह बड़ी व्यावहारिक बात है, यह कोई आत्मज्ञान नहीं है। अगर आप एक अज्ञानी जीवन भी जीना चाहते हैं, तब भी योग जरूरी है। जब आप आसन करते हैं तो आप अपने शरीर और मन की प्रकृति को खोजते हैं। अगर आप अपनी अंगुलियों को एक खास तरह से चलाते हैं, तो आपका मन उसके मुताबिक काम करता है। आप अपने शरीर से जो कुछ भी करते हैं, उससे आपके मन के साथ भी कुछ होता है। किताब पढ़ने से यह समझ प्राप्त नहीं होगी।

## पांच मिनट का जीवन



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति को रास्ते में यमराज मिल गये वो व्यक्ति उन्हें पहचान नहीं सका। यमराज ने पीने के लिए व्यक्ति से पानी माँगा, बिना एक क्षण गंवाए उसने पानी पिला दिया। पानी पीने के बाद यमराज ने बताया कि वो उसके प्राण लेने आये हैं लेकिन चूँकि तुमने मेरी प्यास बुझाई है इसलिए मैं तुम्हें अपनी किस्मत बदलने का एक मौका देता हूँ। यह कहकर यमराज ने एक डायरी देकर उस आदमी से कहा कि तुम्हारे पास 5 मिनट का समय है। इसमें तुम जो भी लिखोगे वही हो जाएगा लेकिन ध्यान रहे केवल 5 मिनट। उस व्यक्ति ने डायरी खोलकर देखा तो उसने देखा कि पहले पेज पर लिखा था कि उसके पड़ोसी की लॉटरी निकलने वाली है और वह करोड़पति बनने वाला है। उसने वहाँ लिख दिया कि उसके पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पेज पर लिखा था कि उसका एक दोस्त चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है, तो उसने लिख दिया कि उसका दोस्त चुनाव हार जाए। इस तरह, वह पेज पलटता रहा और अंत में उसे अपना पेज दिखाई दिया। जैसे ही उसने कुछ लिखने के लिए अपना पेन उठाया यमराज ने उस व्यक्ति के हाथ से डायरी ले ली और कहा वत्स तुम्हारा पांच मिनट का समय पूरा हुआ, अब कुछ नहीं हो सकता। तुमने अपने पूरे 5 मिनट का समय दूसरों का बुरा करने में व्यतीत कर दिया और अपना जीवन खतरे में डाल दिया, अंततः तुम्हारा अंत निश्चित है। यह सुनकर वह व्यक्ति बहुत पछताया लेकिन सुनहरा मौका उसके हाथ से निकल चुका था।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**हर पेड़ की अहमियत समझें**

हाल ही में मौसम विशेषज्ञों ने अनुमान लगाया है कि इस बार गर्मियों का मौसम कुछ ज्यादा ही सताएगा और लू भी परेशानियों को बढ़ाएगी। अब तो समुद्र तट किनारे स्थित मुंबई और ठंडा क्षेत्र के नाम से मशहूर शिमला और हिमाचल के अन्य क्षेत्र भी गर्मी की चपेट में आ रहे हैं, जबकि कहते हैं कि यहां गर्मियों में भी उतनी गर्मी नहीं होती है कि यह आफत बने, लेकिन आखिर क्या कारण है कि यहां भी गर्मी आफत बन रही है? गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। देश के उन राज्यों में भी गर्मी और लू का प्रकोप बढ़ने की संभावना है जहां कभी किसी ने सोचा भी नहीं होगा। सवाल तो यह है कि अगर इसी तरह पेड़ घटते रहे और गर्मी बढ़ती रही तो क्या आने वाले समय में एसी भी हमारी गर्मी से बचाने में मदद कर पाएंगे? - **सांकेत यदु**, धमतरी

## करंट अफेयर

# युवराज हैरी यूक्रेन में युद्ध पीड़ितों से मिले


ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय के छोटे बेटे युवराज हैरी अचानक यूक्रेन पहुंचे और वहां उन्होंने रूस के साथ जारी युद्ध के पीड़ितों से मुलाकात की। एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। हैरी ने बृहस्पतिवार को लवीव में ऑर्थोपेडिक क्लीनिक 'सुपरह्यूमन्स सेंटर' का दौरा किया जहां घायल सैन्य कर्मियों और नागरिकों का इलाज किया जाता है। युवराज हैरी की यात्रा का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि युद्ध के बीच लोगों की शीर्ष-स्तरीय सेवाएं मिलें। इस केंद्र में कृत्रिम अंग, पुनर्निर्माण सर्जरी और मनोवैज्ञानिक सहायता निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। युवराज हैरी की पश्चिमी यूक्रेन की यात्रा के संबंध में जानकारी तब दी गई जब वह वहां से रवाना हो गए। ब्रिटिश सेना में 10 साल सेवाएं देने वाले हैरी ने घायल सैनिकों की मदद को अपना प्रमुख कार्यक्षेत्र बनाया है। उन्होंने 2014 में 'इनविक्टस गेम्स' की स्थापना की ताकि घायल सैनिकों को पैरालिंपिक जैसे खेल आयोजनों में प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिल सके। प्रवक्ता ने कहा कि 'इनविक्टस' सिर्फ़ प्रतिस्पर्धा ही नहीं, बल्कि इससे कहीं बढ़कर है। यह चोट के बाद के जीवन के बारे में हैं, यही वजह है कि हैरी लवीव जैसे पुनर्वास केंद्रों में जाते हैं।



## ऑफ बीट

# क्या घुड़दौड़ के घोड़े जानते हैं कि वे जीतने के लिए दौड़ रहे

दशकों के अनुभव और घोड़ों के व्यवहार के बारे में हम जो कुछ भी जानते हैं, उसके आधार पर, मुझे लगता है कि सबसे प्रशंसनीय उत्तर 'नहीं' है। घोड़े के दृष्टिकोण से, दौड़ जीतने के लिए कुछ आंतरिक पुरस्कार होते हैं। अंत तक पहुंचने का मतलब हो सकता है कि तेज़ गति से सरपट दौड़ते रहने के दबाव और जॉकी के चाबुक से राहत मिले, लेकिन फिनिशिंग पोस्ट पार करने के बाद सभी घोड़ों के लिए भी यही सच है। यदि दौड़ करीब है, तो अंततः जीतने वाले घोड़े को मैदान में पीछे के घोड़ों की तुलना में तेज दौड़ाने के लिए अंतिम चरण में अधिक बार कोड़े मारे जा सकते हैं। इसलिए जबकि विजेता पद पर सबसे पहले पहुंचना घोड़े के सवार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकता है, घोड़े के लिए बहुत कम प्रत्यक्ष, आंतरिक लाभ है जो उसे इस परिणाम को प्राप्त करने के लिए स्वेच्छा से तेजी से सरपट दौड़ने के लिए प्रेरित करता है। तो क्या घोड़े को भी पता है कि वह दौड़ में है? फिर, उत्तर संभवतः 'नहीं' है। दौड़ना (कैंटरिंग या सरपट दौड़ना) घोड़ों का सर्वोत्कृष्ट व्यवहार है और अवसर मिलने पर घोड़े स्वेच्छा से समूहों में एक साथ दौड़ते हैं – यहां तक कि बिना जॉकी के दौड़ में भी।



## ट्रेंड

### महात्मा फुले को नमन

मानवता के सच्चे सेवक महात्मा फुले को उनकी जयंती पर सादर नमन। उन्होंने समाज के शोषित और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। देश के लिए उनका अमूल्य योगदान हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### महिला समृद्धि योजना

महिला समृद्धि योजना एक तात्कालिक नहीं, बल्कि चरणबद्ध तरीके से लागू की जाने वाली सतत योजना है। इसका उद्देश्य हर पात्र महिला को नियमित मासिक सहायता देना है। मेरा संकल्प है कि कोई भी पात्र महिला योजना से वंचित न रहे।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली



### शिक्षा माफिया की जकड़

दिल्ली के लोग फिर से पूरी तरह शिक्षा माफिया की जकड़ में है। शिक्षा माफिया की इतनी हिम्मत कैसे हो गई कि हमारे बच्चों के साथ बदसलूकी करें? क्योंकि नेता और मंत्री इनकी जेब में हैं, जैसे हमारी सरकार के पहले होते थे।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली



### दृढ़ संकल्प

जब आप अपने दिल में जुनून और दिमाग में दृढ़ संकल्प के साथ जीवन को खेलते हैं, तो शरीर एक सही स्विंग देगा। जुआन पोस्टिगो आर्से हम सभी के लिए एक प्रेरणा हैं।

-सचिन तेंडुलकर, क्रिकेटर



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

**खबर संक्षेप**

## कर्नाटक कैबिनेट में जाति गणना रिपोर्ट पेश

**बेंगलुरु (भाषा)।** बहुप्रतीक्षित सामाजिक-आर्थिक एवं शिक्षा सर्वेक्षण रिपोर्ट शुक्रवार को कर्नाटक कैबिनेट के समक्ष पेश की गयी। इस रिपोर्ट को 'जाति गणना" के नाम से भी जाना जाता है। राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ मंत्रियों ने कहा कि वे पहले सिफारिशों पर विचार करना चाहते हैं। इस कारण 17 अप्रैल को कैबिनेट की बैठक होगी।" कर्नाटक के कानून एवं संसदीय मामलों के मंत्री एच. के. पाटिल ने कहा कि यह निर्णय किया गया है कि 17 अप्रैल को एक विशेष कैबिनेट बैठक में जाति जनगणना पर चर्चा की जाएगी।

## नौकरशाही 'जंगल राज' से जूझ लोग : प्रशांत

**पटना (भाषा)।** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने यहां गांधी मैदान में आयोजित 'बिहार बदलाव रैली' में नीतीश, लालू और प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा। किशोर लोगों की कम उपस्थिति को लेकर नाखुश दिखे और उन्होंने बमुश्किल 10 मिनट रैली को संबोधित करने का फैसला किया। जंगलराज लेकर आए लालू प्रसाद यादव ने बिहार के लोगों को निराश किया। वे (लोग) अब नीतीश के नेतृत्व में एक नए प्रकार के नौकरशाही 'जंगल राज' से जूझ रहे हैं और नीतीश का समर्थन करने वाले मोदी ने भी निराश किया है।

## प्रधानमंत्री ने मप्र और उत्तर प्रदेश का किया दौरा

# सेवा की भावना सरकार की नीति और निष्ठा

- अपने और पराए की मानसिकता है दुनिया के कई हिस्सों में जारी युद्ध और संघर्ष की जड़ : प्रधानमंत्री

भाषा ▶▶ अशोकनगर/ग्वालियर

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया में भौतिक उन्नति के बीच मानवता के लिए युद्ध, संघर्ष और मानवीय मूल्यों से जुड़ी कई चिंताएं हमारे सामने हैं। इनकी जड़ में क्या है। इनकी जड़ में अपने और पराए की मानसिकता है। ये मानसिकता मानव से मानव को दूर करती है। आज विश्व भी सोच रहा है कि इनका समाधान कहां मिलेगा। इनका समाधान अद्वैत के विचार में मिलेगा। अद्वैत यानी यहां कोई द्वैत नहीं है। मोदी मध्यप्रदेश के अशोकनगर के ईसागढ़ स्थित श्री आनंदपुर धाम पहुंचे। यहां उन्होंने परमहंस अद्वैत मत के तीन प्रमुख मंदिरों के दर्शन किए। उन्होंने आनंद सरोवर में पुष्प अर्पित किए। इसके बाद परमहंस अद्वैत मत के वर्तमान गुरु से मुलाकात की और फिर सत्संग हॉल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित भी किया। पीएम मोदी के साथ राज्यपाल मंगुभाई पटेल, सीएम डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा मौजूद रहे।



आनंदपुर धाम में पूजा-अर्चना की

### प्रधानमंत्री ने आनंदपुर धाम की सराहना की

मोदी ने कहा कि आनंदपुर धाम में प्रदान की जा रही सेवाएं 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के भारत के संकल्प को पूरा करने में मदद करेंगी। समावेशी विकास के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि यह 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र तथा गरीबों एवं वंचितों के उत्थान के संकल्प से निर्देशित है। सभी मनुष्य एक हैं, यह विचार दुनिया भर में संघर्षों को समाप्त करने में मदद कर सकता है। सदियों से ऋषियों और संतों ने देश को बुराइयों से मुक्त किया है।

### राम वन गमन पथ का विकास कर रहे: मोदी

एमपी सरकार अभी से ही उज्जैन सिंहस्थ की तैयारी में जुट गई है। हम देश में राम वन गमन पथ का विकास कर रहे हैं। इसका अहम हिस्सा एमपी से होकर गुजरेगा। एमपी पहले से ही अजब और गजब है। इन कार्यों से उसकी पहचान और मजबूत होगी। 2047 तक विकसित भारत बनने का लक्ष्य तय किया है। हमें विश्वास है, इसे हासिल करेंगे। विकास की दौड़ में कई देश अपनी संस्कृति से कट गए, अपनी परंपराएं भुला दी। भारत में हमें इन्हें संरक्षित करके रखना है।

**पीएम संसदीय क्षेत्र के दौरे पर**

## हमारी काशी आरोग्य की राजधानी बन रही: मोदी

**वाराणसी(भाषा)।** पीएम मोदी ने कहा कि हमारी काशी आरोग्य की राजधानी बन रही है। दिल्ली-मुंबई के बड़े अस्पताल आपके पास आ रहे हैं। यही तो विकास है। सिर्फ अस्पताल ही नहीं, सुविधाएं बढ़ी हैं। काशी में पूर्वांचल समेत आसपास और नेपाल तक के लोग इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। पीएम ने कहा कि जब आपने तीसरी बार आशीर्वाद दिया, तब हमने भी आपको सेवक के रूप में स्नेह स्वरूप अपने कर्तव्यों को निभाया है। लौटाने का प्रयास किया है। वाराणसी में 50 हजार वय वंदना कार्ड पहुंच गया है, यह आंकड़ा नहीं। नम्र प्रयास है। वहीं उन्होंने आयुष्मान योजना को लेकर कहा कि अब इलाज के लिए जमीन बेचने या कर्ज लेने की मजबूरी नहीं है।



## सामूहिक बलात्कार मामले में अधिकारी सख्त कार्रवाई करें



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार की सुबह वाराणसी के एक दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे और अपने संसदीय क्षेत्र में हुई सामूहिक बलात्कार की एक घटना के बारे में विस्तृत जानकारी ली। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से इस मामले में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा। उत्तर प्रदेश सरकार के बयान में जानकारी दी गई। वाराणसी में हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री को पुलिस आयुक्त, संभागीय आयुक्त और जिला मजिस्ट्रेट ने शहर में हाल ही में हुई बलात्कार की घटना के बारे में जानकारी दी। बयान के अनुसार, "प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश दिया।" यह मामला 19 वर्षीय युवती के साथ छह दिनों में 23 व्यक्तियों द्वारा कथित रूप से सामूहिक बलात्कार किए जाने का है।

**न्यायालय ने केंद्र, बिहार सरकार से पूछा**

## गंगा के किनारे अतिक्रमण हटाने के लिए क्या कदम उठाए गए

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

- दोनों को उचित रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश



उच्चतम न्यायालय ने बिहार में गंगा किनारे अवैध निर्माण को लेकर चिंता जताते हुए केंद्र और राज्य सरकार को अवैध निर्माण हटाने के लिए उठाये गये कदमों के बारे में वस्तु-स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने जानना चाहा आज की तारीख में मौजूदा अतिक्रमणों की संख्या कितनी है। पीठ ने निर्देश दिया कि अधिकारी इन अतिक्रमणों को कब तक और किस तरह हटाएंगे। 'हम जानना चाहेंगे कि गंगा नदी के किनारे ऐसे सभी अतिक्रमणों को हटाने के लिए अधिकारियों ने क्या कदम उठाए हैं। दो अप्रैल के आदेश में कहा गया कि हम बिहार सरकार और भारत सरकार दोनों को उचित रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हैं ताकि हम मामले में आगे बढ़ सकें। शीर्ष अदालत मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद करेगी।

**पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का आदेश खारिज किया**

## नियमित तौर पर सीबीआई जांच के निर्देश न दें उच्च न्यायालय : सुको

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने एक मामले की जांच सीबीआई को स्थानांतरित करने से संबंधित पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय का एक आदेश खारिज कर दिया है और कहा है कि कि ऐसे निर्देश नियमित रूप से पारित नहीं किए जाने चाहिए। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालयों को केवल उन मामलों में सीबीआई से जांच कराने का निर्देश देना चाहिए, जहां प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता हो कि सीबीआई से जांच कराने की आवश्यकता है।

### पंचकूला में प्राथमिकी दर्ज की गई थी

पीठ ने कहा कि अक्टूबर 2022 में पंचकूला में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने खुद को खुफिया ब्यूरो का आईजी बताते हुए शिकायतकर्ता को धमकाया और उसे अपने खाते में 1.49 करोड़ रुपये स्थानांतरित करने के लिए कहा। आरोपी ने दवाओं का कारोबार करने वाले शिकायतकर्ता को अपने सहयोगियों के साथ काम करने के लिए मजबूर किया।

## ग्रीष्म ऋतु में स्वास्थ्य रक्षा एवं औषधोपचार : श्री वैद्यनाथ धाम

**नागपुर।** आयुर्वेद में 6 ऋतुओं का उल्लेख है जो भारत देश में प्रकृति के द्वारा प्रदत है। हेमंत, शिशिर, बसंत, ग्रीष्म, वर्षा एवं शरद। शिशिर के पश्चात बसंत ऋतु के कारण जहां पेड़ पौधों में नये पत्ते अंकुरित होते है। चारों ओर हरियाली देखकर मन में एक नवीन उत्साह और उमंग होती है। उसी बीच धीरे - धीरे सूर्य भी अपनी प्रखर किरणों से वातावरण में धूप के साथ ग्रीष्म ऋतु का आभास कर देता है। गर्मियों के मौसम में स्वास्थ्य की रक्षा के लिए विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। इसका कारण सूर्य की प्रखर किरणों के परिणाम स्वरूप लू लगकर शरीर में अनेक उपद्रव उत्पन्न हो जाते है। इसीलिए गर्मियों के दिनों में आयुर्वेद में वर्णित आहार द्रव्यों का सेवन करना चाहिए ताकि शरीर में जलीयांश की कमी न हो। फल व सब्जियों का सेवन अधिक मात्रा में सेवन करना चाहिए। खीरा, 'ककड़ी, प्याज, पौदिना का सेवन अधिक करें। पानी अधिक पिएं । इन सब सावधानियों के रहते हुए भी कभी - धूप में निकलने से उल्टी, दस्त, बदहजमी, पेट दर्द, बुखार आना, पेशाब में जलन होना, छाती में जलन, एसिडिटी इत्यादि रोगों के लक्षण उत्पन्न होते है। इसीलिए आयुर्वेद में ग्रीष्म ऋतुचर्या के अन्तर्गत आहार विहार का विस्तृत वर्णन किया गया है उसका अनुसरण कर अनेक रोगों से व उपद्रवों से बचा जा सकता है।

## औद्योगिक उत्पादन फरवरी में 2.9 प्रतिशत सुस्त पड़कर छह महीने के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर इस साल फरवरी में सुस्त पड़कर छह महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर आ गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि मुख्य रूप से विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन के कारण सुस्त पड़ी है।

- विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्र का खराब प्रदर्शन

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापे जाने वाले औद्योगिक उत्पादन में फरवरी 2024 में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इस बीच, सरकार ने जनवरी, 2025 के लिए औद्योगिक वृद्धि के आंकड़े को संशोधित कर 5.2 प्रतिशत कर दिया है। मार्च में जारी आंकड़ों में इसके पांच प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था। इससे पहले, पिछला निचला स्तर पिछले साल अगस्त में रहा था। उस समय वृद्धि दर शून्य प्रतिशत पर स्थिर रही थी। रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि पिछले साल फरवरी 29 दिन का होने से तुलनात्मक आधार कमजोर रहा।

**एनएएन घोटाला मामला**

## अगर ईडी के मौलिक अधिकार हैं तो उसे लोगों के अधिकारों के बारे में भी सोचना चाहिए: न्यायालय

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने नागरिक आपूर्ति निगम (एनएएन) घोटाले के मामले को छत्तीसगढ़ से नई दिल्ली स्थानांतरित करने की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर नाराजगी जताई और कहा कि एजेंसी को लोगों के मौलिक अधिकारों के बारे में भी सोचना चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस का और उज्जल भुइयां की पीठ ने एजेंसी से पूछा कि उसने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत रिट याचिका कैसे दायर की। संविधान का अनुच्छेद 32 'संवैधानिक उपचार के अधिकार' की गारंटी देता है, जो व्यक्तियों को उनके मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के लिए उच्चतम न्यायालय से निवारण का अनुरोध करने का अधिकार देता है, जिससे उन्हें इन अधिकारों के प्रवर्तन के लिए सीधे अदालत का दरवाजा खटखटाने की अनुमति मिलती है। पीठ की टिप्पणी के बाद, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी और कहा कि ईडी के भी मौलिक अधिकार हैं। पीठ ने कहा कि हल्के-फुल्के अंदाज में कहें तो, अगर ईडी के मौलिक अधिकार हैं, तो उसे लोगों के मौलिक अधिकारों के बारे में भी सोचना चाहिए।"

**सियासत** नागेंद्रन 2017 में एआईएडीएमके छोड़ पार्टी में हुए थे शामिल

# नागेंद्रन बने तमिलनाडु भाजपा के नए अध्यक्ष, अन्नामलाई ने रखा प्रस्ताव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नैनार नागेंद्रन तमिलनाडु बीजेपी के नए अध्यक्ष बनाए गए हैं। वह पहले एआईएडीएमके में थे। पार्टी सूत्रों के अनुसार, इस पद के लिए उन्होंने अकेले ही नामांकन भरा था। बीजेपी और एआईएडीएमके के बीच गठबंधन के ऐलान के साथ ही अब बीजेपी ने अध्यक्ष की कुर्सी भी नए चेहरे को सौंप दी है। नागेंद्रन 2017 में बीजेपी में शामिल हुए थे। तमिलनाडु बीजेपी के निवर्तमान अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने नागेंद्रन के नाम का प्रस्ताव दिया था। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने प्रदेश भाजपा कार्यालय कमलललयम में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि हमें नैनार नागेंद्रन के नाम का प्रस्ताव मिला है। यह प्रस्ताव



- वर्तमान में तमिलनाडु भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष हैं

के अन्नामलाई, एल मुरुगन, राधाकृष्णन, एच राजा, वनथी श्रीनिवासन, वीपी दुरईसामी, कनागासबपति, वी बालागणपति, केपी रामलिंगम और नारायणन तिरुपति ने दिया है। इसका मतलब है कि इन सभी नेताओं ने नागेंद्रन को अध्यक्ष बनाने का समर्थन किया है। नैनार नागेंद्रन का राजनीतिक जीवन काफी लंबा रहा है। उन्होंने 2001 में पहली बार तिरुनेलवेली सीट से एआईएडीएमके उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीता था। जयललिता के नेतृत्व वाली एआईएडीएमके सरकार (2001-06) में उन्होंने परिवहन, उद्योग और बिजली जैसे महत्वपूर्ण विभाग संभाले। 2011 में वे फिर से उसी सीट से जीते, लेकिन मंत्री नहीं बनाया गया। 2006 और 2016 के विस चुनावों में वे कुछ वोटों से हारे थे। 2016 में जयललिता के निधन के बाद नागेंद्रन अगस्त 2017 में बीजेपी में शामिल हो गए। 2021 में वे फिर से उसी सीट से बीजेपी उम्मीदवार के रूप में जीते। उन्हें तमिलनाडु विधानसभा में विधायक दल का नेता बनाया गया।


# भारतीय सेना

www.joinindianarmy.nic.in

**अग्निपथ योजना के तहत सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए जानकारी**

**(भर्ती वर्ष 2025-26 के लिए पंजीकरण 12 मार्च 2025 से प्रारम्भ)**

**अग्निवीर भर्ती हेतु सभी श्रेणियों में ऑनलाइन पंजीकरण 25 अप्रैल 2025 तक बढ़ा दिया गया है।**

## विशेषताएं

(नीचे दी गई जानकारी केवल सामान्य जागरूकता के लिए और एक रेडी रेकनर है)

(--- www.joinindianarmy.nic.in--- पर प्रकाशित भर्ती अधिसूचना अग्निवीर भर्ती के लिए लागू योग्य एकमात्र अधिकारिक विज्ञापन है)

| श्रेणी | वर्णन | विस्तृत अधिसूचना पैराग्राफ नं. |
|---|---|---|
| एंट्री का प्रकार | 1. अग्निवीर जनरल ड्यूटी<br>2. अग्निवीर टेक्निकल<br>3. अग्निवीर क्लर्क / स्टोर कीपर टेक्निकल<br>4. अग्निवीर ट्रेड्समैन (कक्षा 10वीं उत्तीर्ण और 8वीं उत्तीर्ण)<br>5. कोर ऑफ मिलिट्री पुलिस में अग्निवीर महिलाएं जनरल ड्यूटी<br>टिप्पणी :- अग्निवीर उम्मीदवार उनकी पात्रता पर आधारित किन्हीं दो श्रेणियों (ऊपर दिये अनुसार) के लिए आवेदन कर सकते हैं। | पैरा-1 और टिप्पणी (ए) |
| आयु | 17½-21 वर्ष (न्यूनतम और अधिकतम आयु की गणना 01 अक्तूबर 2025 के अनुसार की जाएगी).<br>केवल महिलाओं के लिए हार्नस में मारे गये सैन्य कार्मिकों की विधवाओं के सम्बन्ध में ऊपरी आयु सीमा आयु की 30 वर्ष तक (प्रशिक्षण ज्वाइन करने की तिथि के अनुसार) छूट योग्य होगी। | पैरा-1 |
| शैक्षणिक योग्यता | उम्मीदवार को शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त विद्यालय शिक्षा बोर्डों से अवश्य पास की होनी चाहिए और बोर्डों की एक सूची वेबसाइट पर भी प्रदान की गई है। | |
| शारीरिक माप मानक (ऊंचाई, वजन और छाती फुलाव) | क्षेत्र और छूटों के अनुरूप। | पैरा-3 |
| शारीरिक फिटनेस परीक्षण | शारीरिक फिटनेस परीक्षण (पीएफटी) में क्वालीफाइ करना चयन के लिए अनिवार्य है :-<br>पुरूष हेतु :- 1.6 कि.मी. दौड़, बीम (पुल अप्स) और 9 फीट खाई और जिगजैग बैलेंस में क्वालीफाइ करना आवश्यक है।<br>महिला हेतु :- 1.6 कि.मी. दौड़ और 10 फीट लम्बी कूद तथा 3 फीट ऊंची कूद में क्वालीफाइ करना आवश्यक है।<br>टिप्पणी :- अग्निवीर टेक्निकल और अग्निवीर क्लर्क / स्टोर कीपर टेक्निकल के लिए उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को सभी परीक्षणों में केवल क्वालीफाइ करना आवश्यक है। | पैरा-23 (ए) |
| वैवाहिक स्थिति | पुरूष - अविवाहित केवल।<br>महिलाएं - अविवाहित, विधवा, तलाकशुदा अथवा कानूनी रूप से अलग हुई, जिनके कोई बच्चे नहीं है बशर्ते कि सभी अन्य पात्रता मानदंड पूरा करती हों। | पैरा-18<br>पैरा-18 और पैरा-1 (बी) |
| भर्ती प्रक्रिया | ऑनलाइन पंजीकरण > ऑनलाइन सीईई > भर्ती रैली (पीएफटी और पीएमटी) > चिकित्सा > दस्तावेजीकरण | पैरा-19 |
| प्रवेश परीक्षा की तिथि | अंतरिम रूप से जून 2025 में निर्धारित (अंतिम तिथियां अलग से सूचित की जाएंगी) | |
| कॉमन प्रवेश परीक्षा | कॉमन प्रवेश परीक्षा (सीईई) 13 भाषाओं (अर्थात अंग्रेजी, हिन्दी, मलयालम, कन्नड़, तमिल, तेलगू, पंजाबी, ओडिया, बंगाली, उर्दू, गुजराती, मराठी और असमी) में आयोजित की जाएगी। | पैरा-21 (एफ) |
| प्रशिक्षण अवधि | 31 सप्ताह | |
| अवकाश | प्रति वर्ष 30 दिन का अवकाश अग्निवीरों के लिए लागू होगा। इसके अतिरिक्त, बीमारी अवकाश, सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी की चिकित्सा सलाह पर आधारित देय होगा। | पैरा-11 |
| वेतन, भत्ते और सम्बद्ध लाभ | (नीचे तालिका देखें) | पैरा-13 और 14 |

| वर्ष | कस्टमाइज्ड पैकेज (मासिक) | हाथ में (70%) | अग्निवीरों के कॉर्पस फंड को योगदान (30%) | भारत सरकार द्वारा कॉर्पस फंड को योगदान |
|---|---|---|---|---|
| सभी आंकड़े रु. में (मासिक योगदान) (लगभग) | | | | |
| प्रथम वर्ष | 30,000/- | 21,000/- | 9,000/- | 9,000/- |
| द्वितीय वर्ष | 33,000/- | 23,100/- | 9,900/- | 9,900/- |
| तृतीय वर्ष | 36,500/- | 25,550/- | 10,950/- | 10,950/- |
| चतुर्थ वर्ष | 40,000/- | 28,000/- | 12,000/- | 12,000/- |

| श्रेणी | वर्णन | विस्तृत अधिसूचना पैराग्राफ नं. |
|---|---|---|
| सेवा निधि | चार वर्ष के पश्चात अग्निवीरों के कॉर्पस फंड में कुल योगदान: रु. 5.02 लाख; रु. 5.02 लाख<br>4 वर्ष के पश्चात निकास: सेवानिधि पैकेज के तौर पर लगभग रु. 10.04 लाख (ब्याज को छोड़कर पूर्ण राशि) | पैरा-14 |
| जीवन बीमा कवर | अग्निवीर को उनकी नियुक्ति अवधि के दौरान रु. 48 लाख का गैर-अंशदायी जीवन बीमा कवर प्रदान किया जाएगा। | पैरा-15 |
| मृत्यु मुआवजा | रु. 48 लाख के बीमा कवर के अतिरिक्त, सेवा के कारण मृत्यु के लिए रु. 44 लाख का एक बारगी अनुग्रह, निकटतम सम्बन्धी (एनओके) को प्रदान किया जाएगा। | पैरा-15 |
| चिकित्सा और सीएसडी सुविधा | भारतीय सेना अग्निवीरों में उनकी नियुक्ति अवधि के समय के लिए सर्विस हॉस्पीटल्स में चिकित्सा सुविधाओं के साथ-साथ सीएसडी प्रावधानों के लिए हकदार होंगे। | पैरा-12 |
| अग्निवीरों की नियुक्ति अवधि | 04 वर्ष। भारतीय सेना चार वर्षों की नियुक्ति अवधि के बाद अग्निवीरों को पुनः रखने के लिए बाध्य नहीं है। | पैरा-8 |
| सैनिक के तौर पर एनरोलमेंट (रेगुलर कैडर) | सेवा के चार वर्ष पूर्ण करने पर, संगठन की आवश्यकताओं और लागू की गई नीतियों पर आधारित, अग्निवीरों के प्रत्येक विशिष्ट बैच का 25% तक रेगुलर कैडर के तौर पर भारतीय सेना में एनरोल किए जाएंगे। | पैरा-8 |

**अस्वीकरण**


*विज्ञापन में दिये गये नियम एवं शर्तें केवल दिशा-निर्देश हैं और भारत सरकार द्वारा जारी आदेश, समय-समय पर संशोधित अनुसार, चयनित उम्मीदवारों के लिए लागू होंगे। भारतीय सेना बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर पूर्ण चयन प्रक्रिया अथवा प्रक्रिया के किसी भाग को निरस्त करने / संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। परीक्षण के दौरान किसी प्रकार के अनाचार / अनुचित साधनों में लिप्त पाये गये उम्मीदवारों को स्थायी रूप से वंचित कर दिया जाएगा। पंजीकरण के दौरान दर्ज किया गया डेटा अन्तिम होगा और बाद में किसी परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी। गलत डेटा की एंट्री करने पर उम्मीदवारी अयोग्य कर दी जाएगी।*

सीबीसी-10601/11/0004/2526



# सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवाएँ

ARMED FORCES MEDICAL SERVICES



**चिकित्सा अधिकारी (अल्प सेवा कमीशन) के पद हेतु**

**FOR THE POST OF MEDICAL OFFICER (SHORT SERVICE COMMISSION)**

सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा में चिकित्सा अधिकारी (अल्प सेवा कमीशन) के रूप में योगदान हेतु इच्छुक शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ एवं योग्य भारतीय नागरिकों (स्त्री एवं पुरुष) से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

साक्षात्कारः **जून/जुलाई 2025** में **दिल्ली** में आयोजित किया जायेगा।

**रिक्तियों- 400 (300 पुरुष + 100 महिला)**

**न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता- एमबीबीएस**

**आयु सीमा-** एमबीबीएस डिग्री धारक अभ्यर्थी की आयु **31 दिसम्बर 2025** को **30 वर्ष** से कम होनी चाहिए (अर्थात जिनका जन्म 02 जनवरी 1996 को या उसके पश्चात हुआ हो, वही पात्र होंगे) एवं स्नातकोत्तर डिग्री धारक अभ्यर्थी की आयु **31 दिसम्बर 2025** को **35 वर्ष** से कम होनी चाहिए (अर्थात जिनका जन्म **02 जनवरी 1991** को या उसके पश्चात हुआ हो, वही पात्र होंगे) पात्रता शर्तों के लिए **19 अप्रैल 2025** के रोजगार समाचार पत्र / Employment News तथा www.join.afms.gov.in वेबसाइट देखें।

**ऑनलाइन आवेदन हेतु पंजीकरण www.join.afms.gov.in वेबसाइट पर 19 अप्रैल 2025 से 12 मई 2025 तक किया जा सकता हैं।**

Applications are invited from physically fit and mentally robust Indian citizens, both male and female, desirous of joining the AFMS as Medical officers (Short Service Commission).

Interview will be conducted at Delhi tentatively in the month of Jun/July 2025.

**Vacancy- 400 (300 for male + 100 for female)**

**Minimum Educational Qualification- MBBS**

**Age Limit- Candidate must not have attained the age of 30 years as on 31 Dec 2025 if holding an MBBS degree (only those born on or after 02 Jan 1996 are eligible) and must not 31 Dec 2025 if holding a PG degree (only those born have attained the age of 35 years as on on or after 02 Jan 1991 are eligible).**

For Eligibility Conditions, Application Format etc see Employment News / Rozgar Samachar issue of **19 Apr 2025** and the website www.join.afms.gov.in.

**Registration for online application will open from 19 Apr 2025 to 12 May 2025 on** www.join.afms.gov.in

CBC 10601/11/0002/2526


हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

## हाई सिक्युरिटी सेल में कैद तहव्वुर राणा

# एनआईए के लॉकअप में जमीन पर गुजारी पहली रात, 14 गुणा 14 फीट के कमरे में ही बाथरूम, सीसीटीवी से रखी जा रही कड़ी निगरानी, एनआईए टीम कर रही पूछताछ

### 12 नामित अधिकारियों को ही जाने की इजाजत

राणा को सीजीओ कॉम्प्लेक्स में एनआईए हेडक्वार्टर के ग्राउंड फ्लोर पर बने लॉकअप में रखा गया है। सेल के अंदर ही राणा को सारी जरूरी सुविधाएं प्रदान की जाएगी। शुक्रवार से एनआईए की टीम राणा से पूछताछ करने में जुट गई है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुंबई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा फिलहाल एनआईए की गिरफ्त में है। पटियाला कोर्ट ने राणा को नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की 18 दिन की हिरासत में भेज दिया है। भारत आने के बाद तहव्वुर राणा की पहली रात एनआईए के लॉकअप में गुजरी। जानकारी के मुताबिक, राणा को सीजीओ कॉम्प्लेक्स में एनआईए हेडक्वार्टर के ग्राउंड फ्लोर पर बने लॉकअप में रखा गया है। इस सेल का साइज लगभग 14/14 फुट का है। सीसीटीवी कैमरे से लैस सेल के अंदर जमीन पर एक बिस्तर लगा है। बाथरूम भी सेल के अंदर ही है। बता दें कि सेल के अंदर केवल 12 नामित एनआईए अधिकारियों को ही इजाजत है। सेल के अंदर ही राणा को सारी जरूरी सुविधाएं प्रदान की जाएगी। शुक्रवार से एनआईए की टीम राणा से पूछताछ करने में जुट गई है। एनआईए अधिकारियों द्वारा की जाने वाली पूछताछ की रिकॉर्डिंग की जा रही है। पूछताछ के दौरान राणा को बीच-बीच में ब्रेक भी दिया। बता दें कि पूछताछ के लिए आठ एजेंसियों ने एनआईए से सिफारिश की है।



■ एनआईए अधिकारी पूछताछ की रिकॉर्डिंग कर रहे

### अमेरिकी न्याय विभाग का बड़ा खुलासा




#### मुम्बई हमलों के पीड़ितों के लिए न्याय का समय आ गया : अमेरिका

*अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अमेरिका 26/11 मुंबई हमलों के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए लंबे समय से प्रयास करते आ रहे हैं और तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण के साथ ही वह दिन आ गया है। रूबियो ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "हमने तहव्वुर हुसैन राणा को भारत प्रत्यर्पित किया है, ताकि 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों की साजिश में भूमिका के लिए उसके खिलाफ मुकदमा चलाया जा सके। हम उन हमलों में जान गंवाने वाले छह अमेरिकी नागरिकों समेत 166 लोगों को न्याय दिलाने के लिए भारत के साथ मिलकर लंबे समय से प्रयास कर रहे हैं। मुझे खुशी है कि वह दिन आ गया है।"*

#### मुंबई हमलों में न्याय के लिए भारत के प्रयासों का समर्थन करते हैं: अमेरिका

*अमेरिका ने मुंबई हमलों के आरोपी राणा को भारत प्रत्यर्पित किए जाने के बाद कहा है कि नवंबर 2008 में हुए इन आतंकवादी हमलों ने पूरे विश्व को झकझोर दिया था और अमेरिका इनके लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाने के भारत के प्रयासों का लंबे समय से समर्थन करता रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि अमेरिका ने 64 वर्षीय राणा को '2008 मुंबई आतंकवादी हमलों के षड्यंत्र में उसकी भूमिका के कारण न्याय का सामना करने के लिए" नौ अप्रैल को भारत प्रत्यर्पित किया।*

#### राणा ने सह-साजिशकर्ता डेविड हेडली को भारत का वीजा दिलाने में की थी मदद: पुलिस

मुंबई पुलिस के अधिकारी ने बताया कि मुंबई आतंकी हमला मामले के मुख्य आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा ने सह-साजिशकर्ता डेविड कोलमैन हेडली को भारत का वीजा दिलाने में मदद की थी। राणा ने 1990 के दशक के अंत में कनाडा में प्रवास करने और अपनी 'इमीग्रेशन कंसल्टेंसी फर्म' शुरू करने से पहले पाकिस्तानी सेना के 'मेडिकल कोर' में काम किया था। बाद में वह अमेरिका चला गया था और उसने शिकागो में एक कार्यालय खोला था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि राणा ने नवंबर 2008 के हमलों से पहले अपनी कंपनी के माध्यम से हेडली को मुंबई में एक टोही मिशन पर भेजा था।

### राणा के खिलाफ केस लड़ेंगे कृष्णन



तहव्वुर राणा के खिलाफ एनआईए की ओर से वकील दयान कृष्णन केस लड़ेंगे। हालांकि इस केस से वे पहले से जुड़े हुए हैं। कृष्णन 2010 में शिकागो में डेविड हेडली से पूछताछ करने वाली एनआईए टीम का हिस्सा भी रह चुके हैं। इसके बाद उन्हें 2014 में उन्हें हेडली और राणा दोनों के प्रत्यर्पण मामलों के लिए विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया गया था। राणा को भारत लाने में भी उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई है। राणा ने अमेरिका में प्रत्यर्पण से बचने के लिए 'डबल जेपर्डी' का तर्क दिया था लेकिन कृष्णन ने अपने तर्कों से साबित कर दिया था कि भारत के राणा के खिलाफ आरोप अलग प्रकृति के हैं... इसी वजह से अमेरिकी कोर्ट ने उसकी सारी याचिकाएं खारिज की थीं। वकील कृष्णन भारत के पहले राष्ट्रीय विधि विद्यालय शनल लॉ स्कूल बेंगलुरु से 1993 में ग्रेजुएट हुए हैं। वे पहले बैच का हिस्सा थे। 1999 में अपनी स्वतंत्र वकालत की प्रैक्टिस शुरू की थी। वे भारतीय कानूनी प्रणाली में एक प्रमुख शख्स हैं। कृष्णन को 2014 में दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया था। उन्हें प्रत्यर्पण कानून का विशेषज्ञ माना जाता है। उन्होंने 1999 में न्यायमूर्ति जेएस वर्मा आयोग में भी योगदान दिया हैं। कृष्णन ने 2001 के संसद हमले का मुकदमा, कावेरी जल विवाद, दूरसंचार घोटाला, नितीश कटारा हत्याकांड, उपहार अग्निकांड जैसे कई हाई-प्रोफाइल मामलों में वे सरकार की तरफ से केस लड़े हैं। दयान कृष्णन ने निर्भया केस भी लड़ा था...वो भी फ्री में।

---

## पुर्तगाल, स्लोवाकिया की चार दिवसीय यात्रा के बाद राष्ट्रपति मुर्मू भारत के लिए रवाना

भाषा ▶▶ वियना

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पुर्तगाल और स्लोवाकिया की 'ऐतिहासिक' यात्रा पूरी करने के बाद शुक्रवार को भारत के लिए रवाना हो गईं। करीब तीन दशकों में भारत के राष्ट्रपति की दोनों देशों की यह पहली यात्रा थी। आखिरी बार किसी भारतीय राष्ट्रपति ने 29 साल पहले स्लोवाकिया का दौरा किया था जबकि पुर्तगाल की यात्रा 27 साल के अंतराल के बाद हुई है। अपनी चार दिवसीय यात्रा समाप्त करने के बाद राष्ट्रपति, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री निमुबेन बंभानिया और संसद धवल पटेल और संध्या रे के साथ विमान से नयी दिल्ली रवाना होने के लिए ब्रातिस्लावा से सड़क मार्ग से यहां पहुंचीं। यात्रा के दूसरे चरण में स्लोवाकिया की अपनी यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति ने अपने स्लोवाकिया के समकक्ष पीटर पेलेग्रिनी, प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको, संसद के अध्यक्ष सहित विभिन्न गणमान्य लोगों से मुलाकात की।



#### 'एक पेड़ मां के नाम' जैसी पहल पर विचार कर सकते हैं: स्लोवाकिया

ब्रातिस्लावा (भाषा)। मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की सराहना करते हुए स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने कहा कि उन्हें यह योजना पसंद आई है और उनका देश भी ऐसी पहल पर विचार कर सकता है। मुर्मू ने स्लोवाकिया की अपनी दो दिवसीय राजकीय यात्रा के अंतिम दिन नित्रा में एक पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान पेलेग्रिनी को इस अभियान के बारे में बताया।

## अमेरिका के सख्त रुख के बीच 'भारत' तत्काल व्यापार वार्ता के लिए हुआ तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता के लिए अधिक तत्परता से तैयार है। कार्नेगी ग्लोबल टेक्नोलॉजी समिट में अपने मुख्य भाषण में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत के व्यापार सौदे बहुत चुनौतीपूर्ण होंगे, क्योंकि अमेरिका बहुत महत्वाकांक्षी है और वैश्विक परिदृश्य एक साल पहले की तुलना में बहुत अलग है। उन्होंने कहा कि इस बार, हम निश्चित रूप से तत्काल व्यापार वार्ता के लिए तैयार हैं। हमें एक अवसर दिखाई दे रहा है। हमारे व्यापार सौदे वास्तव में चुनौतीपूर्ण हैं और जब व्यापार सौदों की बात आती है, तो हमें एक-दूसरे के साथ बहुत कुछ करना होता है। मेरा मतलब है कि ये लोग अपने खेल में बहुत आगे हैं, जो हासिल करना चाहते हैं, उसके बारे में बहुत महत्वाकांक्षी हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह अमेरिका का भारत के प्रति दृष्टिकोण है, उसी तरह भारत का भी उनके प्रति दृष्टिकोण है। हमने पहले ट्रंप प्रशासन में चार साल तक बातचीत की। उनका हमारे प्रति अपना दृष्टिकोण है और स्पष्ट रूप से हमारा उनके प्रति अपना दृष्टिकोण है।




#### भारत सेमीकंडक्टर को प्राथमिकता दे रहा

*विदेश मंत्री ने कहा कि भारत भी डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में प्रगति कर रहा है और कई दशकों के बाद सेमीकंडक्टर को प्राथमिकता दे रहा है। उन्होंने ग्लोबल टेक्नोलॉजी समिट में विशेषज्ञों से इस मुद्दे पर चर्चा करने और देश के तकनीकी पक्ष को सकारात्मक रूप से देखने का आग्रह किया। जयशंकर ने कहा कि पांच साल पहले, मुझे लगता है कि यूरोप में शायद सबसे अच्छी भू-राजनीतिक स्थिति थी। इसने संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस और चीन के बीच आदर्श त्रिकोण का निर्माण किया था। आज, उसका हर पक्ष तनाव में है। जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान ने भी तकनीकी प्रगति के माध्यम से भू-राजनीतिक प्रभाव बनाने की कोशिश की है।*

#### अमेरिका सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

जयशंकर ने कहा कि अमेरिका ने दुनिया के साथ जुड़ने के अपने दृष्टिकोण को मौलिक रूप से बदल दिया है और इसका परिणाम हर क्षेत्र में है, लेकिन मेरा मानना है कि तकनीकी परिणाम विशेष रूप से गहरे होंगे। यह न केवल इसलिए गहरा होगा क्योंकि अमेरिका सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, वैश्विक तकनीकी प्रगति का मुख्य चालक है, बल्कि इसलिए भी कि यह बहुत स्पष्ट है कि अमेरिका को फिर से महान बनाने में तकनीक की बड़ी भूमिका है। इसलिए एमएजीए और तकनीक के बीच एक संबंध है, जो शायद 2016 और 2020 के बीच इतना स्पष्ट नहीं था।

#### चीन के निर्णय भी महत्वपूर्ण

उन्होंने पिछले एक साल में चीन के बढ़ते भू-राजनीतिक प्रभाव के साथ हो रहे वैश्विक शक्ति परिवर्तन पर भी प्रकाश डाला। केंद्रीय मंत्री जयशंकर ने कहा कि अमेरिका-चीन व्यापार की गतिशीलता व्यापार के साथ-साथ टेक्नोलॉजी से भी प्रभावित होती है और चीन के निर्णय अमेरिका की तरह ही महत्वपूर्ण हैं।

### ऑस्ट्रिया और भारत के बीच व्यापार साझेदारी

## ई-मोबिलिटी, चिप्स और फिनटेक सेक्टर में निवेश पर करेंगे सहयोग



**नई दिल्ली**। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि ऑस्ट्रिया और भारत के बीच निवेश और व्यापार साझेदारी के कई अवसर हैं, जिसमें ई-मोबिलिटी, सेमीकंडक्टर और फिनटेक शामिल हैं। वित्त मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, वियना में ऑस्ट्रिया के संघीय वित्त मंत्री मार्कस मार्टरबाउर के साथ अपनी बैठक के दौरान, वित्त मंत्री सीतारमण ने भारतीय अर्थव्यवस्था, प्रमुख सुधारों और नीति उपायों के प्रमुख पहलुओं को साझा किया। वित्त मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एनआईआईएफ) के माध्यम से ई-मोबिलिटी और सेमीकंडक्टर के क्षेत्रों में दोनों पक्षों की स्टार्टअप कंपनियों के बीच, विशेष रूप से फिनटेक के क्षेत्र में निवेश और व्यापार सहयोग के कई अवसर मौजूद हैं।

#### द्विपक्षीय संबंध बढ़ाने पर सहमत

*वित्त मंत्री ने पिछले साल पीएम नरेंद्र मोदी की यात्रा को याद करते हुए कहा कि यह भारत-ऑस्ट्रिया साझेदारी में, खासकर आर्थिक और वाणिज्यिक संबंधों को और अधिक ऊंचाई पर ले जाने में एक मील का पत्थर था। उन्होंने ऑस्ट्रियाई अर्थव्यवस्था मंत्री और वित्त मंत्री के साथ अपनी द्विपक्षीय बैठक के दौरान वित्तीय, आर्थिक, व्यापार और निवेश क्षेत्रों में भारत-ऑस्ट्रिया साझेदारी से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की। दोनों देश पारस्परिक लाभ के लिए अपनी पूरक क्षमताओं का लाभ उठाने पर सहमत हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रिया की क्षमताओं और जुड़ाव की संभावनाओं के आधार पर हमने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को भी चिह्नित किया है।*

